दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शनिवार 14 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 999



## संक्षिप्त खबरें ।

### नाटो के उस एयरबेस पर ईरान ने किया हमला जहाँ रखे हैं अमेरिकी परमाणु बम, मचा हड़कंप



लोक तंत्र की आवाज़
प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा

नईदिल्ली । अमेरिका और इज़रायल का ईरान के खिलाफ चल रहा युद्ध रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। मिडिल ईस्ट में चल रहे इस युद्ध का आज 14वां दिन है। इस युद्ध की वजह से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और सबसे ज़्यादा तबाही ईरान में मची है। इज़रायल और मिडिल ईस्ट के कुछ अन्य देशों में ईरानी हमलों की वजह से नुकसान हुआ है। इज़रायल की तरफ से ईरान पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है और मिडिल ईस्ट में उन देशों पर हमले कर रहा है जहाँ अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं। अब ईरान ने तुर्की में नाटो के एक मुख्य एयरबेस पर हमला किया है।

**इन्सिरलिक एयरबेस को बनाया निशाना :** ईरान ने आज, शुक्रवार, 13 मार्च को तड़के सुबह तुर्की में स्थित इन्सिरलिक एयरबेस को निशाना बनाया और जमकर मिसाइलें दागीं। मिडिल ईस्ट में यह नाटो का मुख्य एयरबेस है।

**मचा हड़कंप :** तुर्की में इन्सिरलिक एयरबेस पर ईरान के हमले के बाद सायरन बज गए, जिससे हड़कंप मच गया। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है कि ईरान के इस हमले से इन्सिरलिक एयरबेस को कोई नुकसान पहुंचा है या नहीं।

**इन्सिरलिक एयरबेस पर रखे हैं अमेरिकी परमाणु बम:** इन्सिरलिक एयरबेस पर अमेरिकी परमाणु बम भी रखे हुए हैं। इस एयरबेस पर अनुमानित 20 से 50 B61 परमाणु बम रखे हुए हैं। ये हथियार नाटो के परमाणु साझेदारी कार्यक्रम का हिस्सा हैं और अमेरिकी सेना के कंट्रोल में हैं।

## ऐतिहासिक नेपाल चुनाव: पहली बार किसी पार्टी को मिला बहुमत, पहली बार कोई मधेसी बनेगा पीएम

लोक तंत्र की आवाज़

**काठमांडू ।** नेपाल में सितंबर 2025 में चले हिंसक जेन-जी जनआंदोलन और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद हुए संसदीय चुनावों के नतीजों ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी है. चुनाव में नई राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है. निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतिम परिणामों के अनुसार पार्टी ने कुल 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 182 सीटें जीत लीं, जिससे वह अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है. वहीं बालेंद्र शाह देश के पहले मधेसी पीएम बनेंगे।

इन चुनावों से पहले नेपाल में भ्रष्टाचार, महंगाई और पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ युवा वर्ग का व्यापक असंतोष देखने को मिला था. इसी असंतोष के बीच कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और राजनीतिक सुधार की मांग उठी. इस आंदोलन में 77 लोगों की मौत हुई. आंदोलन के बाद एक अंतरिम सरकार बनी, जिसका नेतृत्व नेपाल के सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने चलाया. सितंबर 2025 से 5 मार्च तक उन्होंने नेपाल में शांति बहाली के लिए अंतरिम पीएम के तौर पर काम किया. 5 मार्च 2026 को नेपाल में घोषित आम चुनाव में देशभर के मतदाताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

**आंकड़ों में नेपाल चुनाव:** नेपाल के चुनाव आयोग के मुताबिक करीब 1 करोड़ 89 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाताओं में से लगभग 68 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया. यह पिछले चुनावों की तुलना में अधिक भागीदारी मानी जा रही है. इस चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीटों के लिए हजारों उम्मीदवार मैदान में थे. प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली यानी फर्स्ट पास्ट द पोस्ट (FPTP) के तहत 165 सीटों के लिए लगभग 2,400 से अधिक प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई, जबकि आनुपातिक प्रतिनिधित्व (PR) प्रणाली के तहत विभिन्न दलों ने अपनी-अपनी सूची प्रस्तुत की. चुनाव प्रक्रिया कई चरणों में पूरी की गई और मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतगणना मतदान के बाद अगले दिन से शुरू हुई और दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों से मतपेटियां आने के कारण लगभग चार दिनों तक लगातार जारी रही. अंतिम आधिकारिक नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित किए गए. आयोग के अनुसार आरएसपी ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत 125 सीटें जीतीं, जबकि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत उसे सबसे अधिक 57 सीटें आवंटित हुईं. इस तरह आरएसपी ने 182 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े को काफी पीछे छोड़ दिया है।

**नेपाल संसद की संरचना :** नेपाल की संसद (नेपाली प्रतिनिधि सभा) में कुल 275 सीटें हैं. इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर चुने जाते हैं. किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए कम से कम 138 सीटों की आवश्यकता होती है।



**बालेन शाह ने तोड़ा मिथक**

2025 में नेपाल का संविधान लागू होने के बाद से माना जा रहा था कि नेपाल में कोई भी बहुमत हासिल नहीं कर पाएगा. लेकिन बालेन और रवि लामिछाने की आरएसपी ने इस मिथक को तोड़ दिया है. नेपाल में 1990 से अब तक 32 सरकारें बनी हैं. इनमें से लगभग सभी गठबंधन से आईं. इसलिए माना जाता था कि नेपाल में दोनों-प्रत्यक्ष मतदान और आनुपातिक प्रतिनिधित्व किसी भी पार्टी के लिए प्राप्त कर पाना आसान नहीं होगा. लेकिन बालेन ने चमत्कार कर दिखाया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से टीएमसी सांसदों की मुलाकात का अनुरोध अस्वीकृत



लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली ।** तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय मांगा था, जिसे राष्ट्रपति भवन ने अस्वीकार कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय ने 'समय की कमी' का हवाला देते हुए इस अनुरोध को ठुकरा दिया।

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुपस्थिति पर नाराजगी :** यह घटना उस विवाद के बाद हुई, जब राष्ट्रपति मुर्मू ने बागडोगरा हवाईअड्डे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या किसी अन्य मंत्री की अनुपस्थिति पर निराशा व्यक्त की थी। राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल में एक अंतरराष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन में भाग लेने आई थीं।

**टीएमसी सांसदों का मुलाकात का अनुरोध :** सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने 9 मार्च को राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखकर 12 से 15 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के लिए मुलाकात का समय मांगा था। इस प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री भी शामिल होने वाले थे। टीएमसी का कहना था कि वे राष्ट्रपति के साथ राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करना चाहते थे।

**राष्ट्रपति भवन का जवाब :** राष्ट्रपति भवन ने टीएमसी को सूचित किया कि उनके अनुरोध पर विचार किया गया, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण मुलाकात संभव नहीं हो पाई। इसके बाद टीएमसी ने एक और पत्र भेजकर अगले सप्ताह के लिए समय मांगा है।

**राजनीतिक विवाद की शुरुआत :** यह विवाद तब शुरू हुआ जब राष्ट्रपति मुर्मू ने संथाली आदिवासी समुदाय के सम्मेलन में अपेक्षा से कम लोगों की उपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से बागडोगरा हवाईअड्डे के पास स्थानांतरित करने के निर्णय पर भी सवाल उठाए।

## चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग! दोनों सदनों में सौंपे गए नोटिस पर 193 सांसदों के हस्ताक्षर

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली ।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिया है. इस नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं. नियमों के मुताबिक लोकसभा में नोटिस के लिए कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है. विपक्ष ने अब तक कुल 193 हस्ताक्षर जुटाकर यह जरूरी आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है।

लोकसभा सचिवालय को CEC के खिलाफ TMC का नोटिस मिल चुका है. नोटिस की जांच-पड़ताल की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी. CEC के खिलाफ कई आरोप भी लगाए गए हैं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया गया है. यह नोटिस आधिकारिक रूप से कल यानी शनिवार को पेश किया जाएगा. इसके लिए नोटिस के दो अलग-अलग सेट तैयार किए गए हैं। विपक्षी सांसदों का यह कदम बजट सत्र के दौरान चुनाव आयोग के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**ज्ञानेश कुमार के खिलाफ क्या आरोप लगे हैं ?:** नोटिस में बिहार में SIR को संभालने का तरीका, मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया, राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया, दुर्व्यवहार साबित हुआ।

**दोनों सदनों में जुटाया भारी समर्थन :** विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में सांसदों का समर्थन जुटाया है. लोकसभा से जहां 130 सांसदों ने नोटिस पर दस्तखत किए हैं, वहीं राज्यसभा से 63 सांसदों ने अपनी सहमति दी है. यह संख्या बल संवैधानिक रूप से नोटिस देने के लिए जरूरी न्यूनतम सीमा से काफी ज्यादा है. विपक्षी दल इस मुद्दे पर पूरी तरह एकजुट नजर आ रहे हैं। संसदीय प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए विपक्ष ने दो अलग-अलग सेटों में नोटिस तैयार किए हैं. पहला सेट लोकसभा के लिए है, जिसमें 100 सांसदों की जरूरत के मुकाबले 130 हस्ताक्षर हैं. दूसरा सेट राज्यसभा के लिए तैयार किया गया है, जिसमें 50 सांसदों की जरूरत के मुकाबले 63 सांसदों ने साथ दिया है।

## मैं 5 बार सांसद बना, तब गिरिराज सिंह पैदा भी नहीं हुए थे', लोकसभा में भड़के पप्पू यादव, 'भूंजे' पर हुई बहस

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली ।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बिहार के 2 सांसदों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली. पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव बोल रहे थे, तभी बेगूसराय से बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने उन्हें टोक दिया. बस इसी के बाद इन दोनों नेताओं के बीच सदन में कुछ देर तक तीखी बहस चली और माहौल गर्म हो गया. स्थिति को संभालने के लिए आसन पर बैठे उपसभापति जगदंबिका पाल को हस्तक्षेप करना पड़ा।

बहस के दौरान पप्पू यादव ने गिरिराज सिंह पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि जब वह पांच बार सांसद बन चुके थे तब गिरिराज सिंह पैदा भी नहीं हुए थे. उन्होंने यह भी कहा कि गिरिराज सिंह कभी उनके घर आकर भूंजा खाते थे. पप्पू यादव ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो निर्दलीय चुनाव लड़कर जीतकर दिखाएं। उन्होंने आगे कहा कि कई नेता पार्टी के नाम पर चुनाव जीतते हैं, लेकिन असली ताकत जनता के समर्थन से सामने आती है. इस टिप्पणी के बाद सदन में कुछ देर तक शोरगुल की स्थिति बनी रही. हालांकि बाद में अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद माहौल धीरे-धीरे शांत हुआ और चर्चा आगे बढ़ी।

**अटल सरकार को लेकर भी हुई तकरार :** बहस के दौरान गिरिराज सिंह ने पप्पू यादव से सवाल किया कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय वह कहां थे. इस पर पप्पू यादव ने जवाब देते हुए कहा कि वह उस समय मंत्रिमंडल का हिस्सा रहे हैं. उन्होंने बताया कि फेडरल डेमोक्रेटिक पार्टी उस समय सरकार का हिस्सा थी और वह लंबे समय से संसदीय राजनीति में सक्रिय हैं। पप्पू यादव ने कहा कि वह 1990 से लगातार संसदीय जीवन में सक्रिय हैं और इस दौरान उन्हें कई लोकसभा स्पीकर के साथ काम करने का मौका मिला है. उन्होंने मुलायम सिंह यादव और चंद्रशेखर का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया था और मार्गदर्शन भी दिया।

**जगदंबिका पाल के हस्तक्षेप से शांत हुआ माहौल :** दोनों नेताओं के बीच बढ़ती बहस को देखकर आसन पर बैठे उपसभापति जगदंबिका पाल ने तुरंत हस्तक्षेप किया. उन्होंने दोनों सांसदों से शांत रहने और अविश्वास प्रस्ताव से जुड़े विषय पर ही अपनी बात रखने की अपील की।

## नीतीश कुमार के फैसले से सियासी हलकों में हलचल

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा उम्मीदवार बनने के निर्णय को भले ही व्यक्तिगत बताया जा रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि उनके निर्णय से बिहार की राजनीति में अचानक उथल-पुथल मच गई है. नीतीश के निर्णय से जदयू का एक बड़ा खेमा असंतुष्ट होकर इसके पीछे कोई बड़ी साजिश मान रहा है तो दूसरा खेमा इसे नीतीश कुमार द्वारा बेटे निशांत कुमार के राजनीतिक भविष्य के लिए बड़ा दांव मान रहा है।

जबकि राजनीतिक गलियारों में इस निर्णय की समीक्षा बहुस्तरीय दृष्टिकोण से की जा रही है. चर्चा है कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे भाजपाई रणनीतिकारों की बड़ी योजना छिपी हुई है. नीतीश के गिरते स्वास्थ्य और सत्ता पर ढीली होती उनकी पकड़ को ध्यान में रखते हुए जदयू के कुछ वरिष्ठ नेताओं व भाजपाई रणनीतिकारों द्वारा सत्ता-हस्तांतरण के बेहतर विकल्प के रूप में इस रास्ते को चुना गया. हालांकि अभी भी बिहार से लेकर दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नीतीश कुमार सत्ता की चाबी अपने हाथों से जाने देने को तैयार नहीं हैं संभवतः इसी वजह से नीतीश कुमार भाजपा के बजाय जदयू के किसी विश्वस्त सहयोगी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपने पर अड़े हुए हैं. जबकि भाजपा जदयू को उपमुख्यमंत्री की कुर्सी देने की पेशकश कर रही है।

**मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भाजपाई नेताओं की नजर :** नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा उम्मीदवार बनने के बाद बिहार के तमाम वरिष्ठ भाजपाई नेताओं की नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर लग गई है. हालांकि जिन नेताओं का नाम मीडिया में बढ़-चढ़कर चल रहा है वे पार्टी के चौंकाने वाले निर्णय से परेशान होकर दबे जुबान से अपनी दावेदारी का खंडन भी कर रहे हैं. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, केन्द्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय, गिरिराज सिंह, सतीश चन्द्र दुबे, वरिष्ठ विधायक प्रेम कुमार, पूर्व अध्यक्ष व सांसद संजय जायसवाल, दिलीप जायसवाल, शहनवाज हुसैन, जनक राम, संजीव चौरसिया, मैथिली ठाकुर जैसे नामों की चर्चा बिहार से दिल्ली की राजनीतिक गलियारों में खुब सुनाई दे रही है लेकिन उक्त सभी नेता मीडिया से बचते दिख रहे हैं. ऐसे नेताओं का तर्क है कि जब भी मीडिया में किसी का बढ़-चढ़कर नाम चलता है उसका पत्ता कट जाता है और पार्टी चौंकाने वाली निर्णय कर लेती है. इसीलिए बिहार भाजपा के नेता कुर्सी की चाहत रखने के बावजूद बच बच कर बोल रहे हैं।

**कांग्रेस की आक्रामक रणनीति से असम में फंसा पेंच**

असम की राजनीति लड़ाई अब भाजपा के लिए एकतरफा नहीं है बल्कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के आक्रामक सक्रियता से ऊपरी व निचले असम के बीच की दूरी को पाटकर कांग्रेस अपने लिए बेहतर स्थिति बनाने लग गई है. कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर भाजपा को समय रहते चुनौती दी है. हालांकि कांग्रेसी व भाजपाई रणनीतिकार दिल्ली से लगातार प्रचार अभियान पर नजर रखें हुए हैं. बगैर चुनाव घोषणा हुए उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है. चर्चा है कि पश्चिम बंगाल व असम को लेकर भाजपा एक जैसी रणनीति बना रही है जबकि कांग्रेस को पश्चिम बंगाल से ज्यादा असम से उम्मीद है।

## राहुल और निलंबित सांसदों का क्या होगा?

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली ।** अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद स्पीकर ओम बिरला लौट आए हैं। उनको अब रोजमर्रा के कामकाज के साथ दो अहम मसलों पर फैसला करना है। उनके सामने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से पेश किया गया सब्सटेंसिव मोशन है और विपक्ष के आठ सांसदों के निलंबन का मामला है। गौरतलब है कि बजट सत्र के पहले चरण में निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के खिलाफ बिना सबूत बात कहने, देश विरोधी ताकतों से संपर्क रखने और दूसरे कई आरोपों में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया था। पहले इस तरह के मोशन के आधार पर सांसदों को हटाया जा चुका है। हालांकि ऐसा लग नहीं रहा है कि सरकार राहुल गांधी को हटाना चाहेगी। लेकिन संभव है कि मामले कमेटी को भेज कर उसकी रिपोर्ट के आधार पर राहुल की निंदा हो।

दूसरी ओर सदन से निलंबित आठ सांसद लगातार मकर द्वार की सीढ़ियों पर बैठ कर प्रदर्शन करते हैं। बजट सत्र के पहले चरण में भी वे प्रदर्शन करते रहे थे। अब भी उनका प्रदर्शन चल रहा है। उनके मामले में भी लग नहीं रहा है कि अभी तुरंत स्पीकर कोई फैसला करेंगे। इस सत्र के बचे हुए हिस्से में उनकी वापसी मुश्किल लग रही है। हालांकि अगर विपक्ष लोकसभा के सुचारू संचालन के लिए स्पीकर के सामने सरकार के संसदीय प्रबंधकों से बात करे तो कुछ रास्ता निकल सकता है। अगर रास्ता नहीं निकलता है तो आठ निलंबित सांसदों में से चार चुनाव प्रचार के लिए जा सकते हैं।

## अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध पर आया RSS का पहला बयान, कहा- 'ये जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए

लोक तंत्र की आवाज़




**हरियाणा ।** हरियाणा के समालखा में आज से 3 दिन तक चलने वाली संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू हुई। संघ की गतिविधियों के संबंध में समालखा में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह CR मुकुंद ने कहा कि इस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का इस वर्ष महत्व ज्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में 1400 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के शुरू होने के बाद दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई, जिनमें कांग्रेस नेता पुर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल, महाराष्ट्र के पुर्व मुख्यमंत्री अजित पवार को भी श्रद्धांजलि दी गई। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पहली बार संघ ने मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग पर बयान दिया है।

**मिडिल ईस्ट में जंग पर संघ का बयान :** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के संबंध में बोलते हुए संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद ने कहा- "भारत सरकार को क्या करना चाहिए, ये भारत सरकार तय करती है। देश के प्रधानमंत्री, देश के विदेश मंत्री बाहर के सभी देशों से प्रमुखों से बातचीत कर रहे हैं। यह क्राइसिस जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए, समझौता होना चाहिए। कल भी देश के प्रधानमंत्री ने ईरान के प्रमुख से बातचीत की है। वहां पर रहने वाले सभी हिंदू संगठनों से संघ का संपर्क जारी है।सह सरकार्यवाह CR मुकुंद ने बताया है कि "संघ में संगठनात्मक बदलाव का चिंतन चल रहा है, जो होगा बताया जाएगा। संघ भौगोलिक रचना के संबंध में सोच रहा है, इस बार भी ऐसा संघ कर रहा है।

**हर गांव में संपर्क करने का प्रयास जारी**

बैठक में जानकारी दी गई है कि रसंघ की शाखओं के आंकड़े में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। कुल शाखाओं कि वृद्धि 5000 हुई है। संघ हर घर, हर गांव में संपर्क करने का प्रयास कर रहा है। अब तक संघ 10 करोड़ परिवार तक पहुंच चुका है। 300000 से ज्यादा गांव तक पहुंच चुका है। संघ गृह संपर्क के दौरान केरल राज्य में कम्युनिस्ट विचारधारा के साथ-साथ मुस्लिम, क्रिश्चियन सभी घरों में जा रहा है।

## तबाह हो गया अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन, जंग में पीछे हटा', ईरान का चौंकाने वाला दावा

लोक तंत्र की आवाज़



**तेहरान ।** ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवी ने दावा किया है कि उनकी बैलिस्टिक मिसाइलों ने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर (विमानवाहक पोत) यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमला किया है, जिससे अब वो ऑपरेशन के लायक नहीं रह गया है और उसे खाड़ी क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है।

हालांकि वॉशिंगटन ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि अमेरिकी विमानवाहक पोत ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में अपना योगदान जारी रखे हुए है. अमेरिकी मीडिया ने बताया कि एक ईरानी पोत विमानवाहक पोत के बहुत करीब आ गया था, जिसके बाद अमेरिकी सेना ने उस पर गोलीबारी की, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि पोत को निशाना बनाया गया था या नहीं।

ईरान के सरकारी टीवी ने क्या बतायाईरान के PBUH के केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि हाईटेक मिसाइलों और ड्रोनों की मदद से ओमान सागर में किए गए सटीक अभियान में ईरानी समुद्री सीमा से लगभग 340 किलोमीटर दूर स्थित यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को निशाना बनाया गया. ईरान की सरकारी टीवी ने बताया कि हमले के बाद अमेरिकी जहाज और उसके साथ आए हमलावर दल को तेज गति से इलाके से भागते हुए देखा गया।

सरकारी टेलीविजन ने इस दावे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी. ईरानी सेना की वैचारिक शाखा गार्ड्स ने पहले भी लिंकन पर हमला करने का आरोप लगाया था, लेकिन पेंटागन ने उस समय कहा था कि लॉन्च की गई मिसाइलें इसके पास तक भी नहीं पहुंचीं। CENTCOM ने जारी की तस्वीरईरानी रिपोर्टों के सामने आने के तुरंत बाद अमेरिका ने उन्हें खारिज कर दिया. अमेरिकी केंद्रीय कमान (CENTCOM) ने अमेरिकी युद्धपोत की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, "अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का समर्थन करना और समुद्र से शक्ति प्रदर्शन करना जारी रखेगा। सीबीएस न्यूज़ की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी नौसेना के एक पोत ने ईरानी पोत पर 5 इंच, 54 कैलिबर मार्क 45 तोप से गोलीबारी करने का प्रयास किया.।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा पहुंचे क्रिकेटर ईशान किशन, अपनी दादी सावित्री शर्मा से किया मुलाकात, समर्थकों के हुए रूबरू

**सुनील कुमार**



**नवादा** ।भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन बिहार के नवादा पहुंचे। वह अपनी दादी नवादा के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. सावित्री शर्मा से मिलने आए थे। उनके नवादा पहुंचने पर प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो उनकी एक झलक पाने और तस्वीरें लेने को बेताब दिखे। ईशान किशन सड़क मार्ग से 120 किलोमीटर की यात्रा तय कर नवादा पहुंचे। वह सीधे अपनी दादी के घर पुरानी जेल रोड पर गए और उनसे मुलाकात की। उनके आगमन से पहले सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया गया था। उनके प्रशंसक काफी देर से उनकी एक झलक पाने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही ईशान किशन के नवादा पहुंचने की खबर फैली, उनके प्रशंसक उनसे मिलने के लिए हर संभव प्रयास करते नजर आए।बता दें कि ईशान किशन ने हाल ही में बेहतर बल्लेबाजी प्रदर्शन किया है, जिसके कारण उनके प्रशंसक लगातार उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। लोग भारतीय टीम की भी सराहना करते दिखे।

### नवादा में पीएलएफआइ नक्सली अजीत कुमार यादव हथियार के साथ गिरफ्तार





**सुनील कुमार**
**नवादा।** बिहार में नक्सल संगठन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पेशल टास्क फोर्स (रळा)और नवादा जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक सक्रिय नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये नक्सली की पहचान अजीत कुमार यादव के रूप में हुई है,जो प्रतिबंधित नक्सली संगठन ढछाकका सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 12 और 13 मार्च 2026 की रात एसटीएफ की विशेष टीम और नवादा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया. यह कार्रवाई नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली की निशानदेही पर पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद भी बरामद किया है। बरामद सामान में एक एके–47 राइफल,21 कारतूस,दो मैगजीन,दो .315 बोर की राइफल,10 कारतूस,तीन एम्युनिशन पाउच और तीन सेट कैमुफ्लाज वर्दी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में रजौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इलाके में नक्सली गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बेमौसम की बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:–वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की आधी रात के बाद चली तेज हवा और बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बरसात से जहां खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है,वहीं शादी–विवाह वाले घरों में भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।धान का कटोरा कहे जाने वाले वारिसलीगंज क्षेत्र के किसानों के खेतों में लगी दलहन,तिलहन और गेहूं की तैयार फसल को काफी क्षति हुई है। हाल के दिनों में पटवन किए गए गेहूं की फसल आंधी–पानी के कारण कई जगहों पर जमीन पर गिर गई है,जिससे दाने के सूख जाने की आशंका बढ़ गई है।इधर,शादी–विवाह के मौसम में लोगों ने लाखों रुपये खर्च कर भव्य पंडाल तैयार किए थे, लेकिन बेमौसम बारिश ने उनकी खुशियों पर पानी फेर दिया। बुधवार रात करीब तीन बजे हल्की आंधी के साथ तेज बारिश होने से कई जगहों पर पंडाल क्षतिग्रस्त हो गए और व्यवस्थाएं अस्त–व्यस्त हो गईं। प्रकृति के इस प्रकोप से खेतों में लहलहा रही रवि फसल, खासकर दलहन और तिलहन के साथ–साथ आम के मंजर और गरमा सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा है।

# राजगीर : नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल के प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

**लोक तंत्र की आवाज**




**राजगीर।** नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल में आयोजित प्रथम सत्र में ''प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा'' विषय पर गहन मंथन किया गया। सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, राष्ट्रपति के पूर्व प्रेस सचिव व वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह, चिंतक मनुदास तथा विदुषी डॉ. कविता शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐतिहासिक विरासत, उसके मूल सिद्धांतों और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे।वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा शास्त्रार्थ, तर्क और स्याद्वाद जैसी समृद्ध परंपराओं से विकसित हुई है। उन्होंने बताया कि हजारों वर्षों तक भारतीय ज्ञान मौखिक परंपरा के माध्यम से संरक्षित रहा और गुरुकुलों में गुरु-शिष्य परंपरा के तहत वेदों व शास्त्रों का ज्ञान पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित किया जाता था। उन्होंने कहा कि तर्क, विमर्श और संवाद की यह परंपरा समाज को बौद्धिक रूप से समृद्ध बनाती रही है और आज इसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।पूर्व प्रेस सचिव अजय सिंह ने कहा कि भारत की पहचान सदैव तर्कशील और संवादप्रधान समाज के रूप में रही है। उन्होंने कहा कि अतीत का सम्मान आवश्यक है, लेकिन केवल उसके गौरव में डूबे रहना पर्याप्त नहीं है। यदि नालंदा की मूल ज्ञान और संवाद की भावना को वर्तमान समय में पुनर्जीवित नहीं किया गया तो यह केवल स्मृतियों तक सीमित रह जाएगी। उन्होंने कहा कि जब दुनिया चौथी और पाँचवीं औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रही है, तब भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।डॉ. कविता शर्मा ने महाभारत के प्रसंगों के माध्यम से जीवन की नैतिक शिक्षाओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महाभारत हमें यह सिखाता है कि मनुष्य की आकांक्षाएँ और कमजोरियाँ कई बार उसे सही मार्ग से भटका देती हैं। धर्मराज युधिष्ठिर और द्रौपदी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी नैतिकता, साहस और सही निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। वहीं चिंतक मनुदास ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के जीवन-मूल्यों, संस्कृति और आचरण से भी जुड़ी हुई है। नई पीढ़ी को इस परंपरा से जोड़ना समय की आवश्यकता है, ताकि ज्ञान, विवेक और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित यह विरासत आगे भी जीवित रह सके।सत्र के दौरान श्रोताओं ने भी विषय में गहरी रुचि दिखाई और वक्ताओं के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। संवाद और चिंतन से भरपूर यह सत्र नालंदा की ज्ञान परंपरा को नए संदर्भों में समझने का अवसर प्रदान करता नजर आया।

## स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मुहैया कराने एवं स्वच्छता को लेकर की गई बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश





**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मुहैया एवं स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोहिया स्वच्छ अभियान के जिला समन्वयक अविनाश कुमार सिन्हा, बीडीओ संजीव झा, बीसीओ सह प्रभारी बीईओ राकेश कुमार व जीविका बीपीएम मनीष कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला समन्वयक ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारन, हरदिया एवं बहादुरपुर में पेयजल की गुणवत्ता व निगरानी के साथ साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही है। इसमें पंचायतीराज, पीएचईडी, ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहने की बात कही है। बैठक में बताया गया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जाएगा। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं जीविका बीपीएम मनीष कुमार ने बताया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर जीविका की ओर से भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीविका की ओर से स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## बिकास योजनाओ को ले बिधायक ने की बैठक, अधिकारी को दिया निर्देश

**लोक तंत्र की आवाज**



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार की अध्यक्षता में अतिथि गृह, बिहारशरीफ में शहर के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम द्वारा मकानों के टैक्स निर्धारण में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो तथा जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए।बैठक में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जल संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और तालाबों के संरक्षण से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा शहर में सड़क, नाली, जल निकासी, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट सहित आधारभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में नगर निगम के उप नगर आयुक्त, स्मार्ट सिटी मिशन, बुडको तथा नगर विकास विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। विधायक ने कहा कि शहर का समग्र विकास और आम जनता की सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रामनवमी को ले आई जी लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**लोक तंत्र की आवाज**



**बिहारशरीफ।** रामनवमी पर्व को लेकर नालंदा जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। इसी क्रम में पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जितेंद्र राणा ने गुरुवार को अचानक नालंदा पुलिस लाइन पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बैरक, पुलिस प्लाटून सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान आईजी को पुलिस लाइन परिसर में कई कमियां भी देखने को मिलीं, जिसे जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने व्यवस्था को दुरुस्त करने और पुलिस बल की तैयारियों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में आईजी जितेंद्र राणा ने कहा कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। किसी भी प्रकार की संभावित गड़बड़ी को रोकने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सांप्रदायिक गतिविधियों में शामिल रहे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।आईजी ने स्पष्ट किया कि इस बार रामनवमी के जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। पुलिस के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डीजे संचालकों को भी चेतावनी दी गई है कि बिना लाइसेंस डीजे बजाने या उपलब्ध कराने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिना अनुमति या लाइसेंस के कोई भी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। आईजी ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी उपद्रवी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

# जदयू जिला कार्यालय कर्पूरी सभागार का उद्घाटन बिसार तलाब रोड में धूम धाम से किया गया

**लोकतंत्र की आवाज**



**गया जी।** जनता दल यूनाइटेड का कर्पूरी सभागार जिला कार्यालय का उद्घाटन बिसार तलाब रोड में जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा के अध्यक्षता में विधायक मनोरमा देवी, एमएलसी आफाक अहमद, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, पूर्व सांसद विजय मांझी,पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा, विनोद यादव, पूर्व विधायक कृष्णंदन यादव के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा की जदयू जिला कार्यालय खुलने से पार्टी के कार्यों में सहूलियत होगी और जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा के नेतृत्व में गया जी जदयू का संगठन मजबूती के काम करेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए कार्यों को एवं उनके विचारधारा को गांव गांव तक बूथ लेवल तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा की पार्टी कार्यालय कार्यकर्ता के सहूलियत के लिए खोला गया है, उन्होंने कहा की पार्टी में निशांत कुमार के आने से कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। युवा नेता निशांत कुमार ने नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी, सभी कार्यकर्ताओं को प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक नियमित बैठक करने को कहा गया , उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान का ख्याल रखा जाएगा। जिले का कार्यकर्ता काफी मेहनती हैं, पार्टी और नेता में आस्था रखने वाले लोग को जोड़ा जाएगा , संगठन को पंचायत लेवल, बूथ लेवल तक मजबूत किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष शौकत अली, एलेकजेंडर खान, महानगर अध्यक्ष राजू बर्नवाल, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योती दांगी, नगर प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी,कुंडल वर्मा, अरुण राव, धनंजय शर्मा, अरविंद सिंह, मधुसूदन राय, सोनम दास, पूनम कुशवाहा, विनोद कुमार , मितंबरा लोहड़े, कैलाश पासवान, राकेश पांडे, बबन चंद्रवंशी, उप प्रमुख सतीश पटेल, बलदेव प्रसाद, लालजी प्रसाद, शहजाद शाह विनोद यादव, अरविंद वर्मा, अजीत शर्मा प्रकाश पटवा, नरेश कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गण सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

# कलयुगिया बहु ने सास के साथ की मारपीट,थाना पहुंच लगाई न्याय की गुहार,जांच में जुटी पुलिस

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-ए में शुक्रवार को एक कलयुगिया बहु ने सास के साथ जमकर मारपीट की। बहु से मार खाने के बाद सास रोती-बिलखती थाना आकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता हरदिया सेक्टर-ए निवासी कृष्णा सिंह की पत्नी आशा देवी ने रोती हुई बताई कि उसकी छोटी बहु रानी देवी द्वारा घर व जमीन को जबरन अपने नाम करने को लेकर दवाब बनाते रहती है। उन्होंने कहा कि उनके तीन बेटे संजय,रंजीत और संजीत हैं,जिसमें संजय व रंजीत बाहर रहकर कमाता है एवं छोटा बेटा संजीत ट्रक चलाता है। गुरुवार की रात छोटा बेटा और बहु आपस में झगड़ा की थी,जब शुक्रवार को छोटा बेटा ट्रक लेकर बाहर निकल गया,तो बहु द्वारा मुझे और मेरी बेटी को खूब गाली गलौज किया गया। जब बहु को गाली गलौज करने से मना किया गया,तो उसने मेरे टूटे हुए हाथ को ऐंठ दी और सीने में जोर से मारपीट करने लगी। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद झगड़ा शांत हुआ। पीड़िता सास ने कही कि वह अपने छोटी बहु से अलग रहकर खाना पीना बनाती है,इसके बावजूद जमीन अपने नाम लिखवाने को लेकर अक्सर गाली-गलौज व मारपीट की जाती है। पीड़िता सास ने थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि पीड़िता वृद्ध सास द्वारा लिखित आवेदन मिला है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# एक अग्निशमन वाहन के भरोसे पांच थाना क्षेत्र, उदासीनता वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन वाहनों की कमी

**लोकतंत्र की आवाज**




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-नवादा जिले के प्रखंड समेत पूरे वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए पर्याप्त अग्निशमन संसाधनों का अभाव गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। स्थिति यह है कि पूरे क्षेत्र के पांच थाना क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए मात्र एक छोटा एमटी अग्निशमन वाहन ही उपलब्ध है, जो वारिसलीगंज थाना परिसर में तैनात है। इस वाहन के संचालन के लिए दो सिपाही और एक चालक की नियुक्ति की गई है, लेकिन क्षेत्र का दायरा काफी बड़ा होने के कारण एक हो वाहन से हर जगह समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वारिसलीगंज के अलावा पकरीबरावां, धमौल, काशीचक तथा तथा शाहपुर थाना क्षेत्र आते हैं, लेकिन इन थाना क्षेत्रों में अग्निशमन विभाग का कोई वाहन उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर एक ही समय में दो अलग-अलग स्थानों, जैसे पकरीबरावां और वारिसलीगंज में आग लगने की घटना हो जाए, तो स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। ऐसे में एक ही वाहन होने के कारण हर जगह समय पर राहत पहुंचाना संभव नहीं हो पाख। कई बार ग्रामीणों को खुद ही पंपिंग सेट, मोटर और अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने की कोशिश करनी पड़ती है।

**जिला प्रशासन से लोगों ने मांग की:** क्षेत्रवासियों का कहना है कि नवादा जिले में सबसे अधिक आग लगने की घटनाएं इसी इलाके में सामने आती हैं, बावजूद इसके यहां संसाधनों की भारी कमी है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के अन्य थाना क्षेत्रों पकरीबरावां,धमौल,काशीचक और शाहपुर में भी अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए जाएं। इससे आग लगने की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सकेगा और जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकेगा।

**गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं:** गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस दौरान खेत-खलिहान, घर, दुकान और गोदामों में आग लगने का खतरा अधिक रहता है। कई बार छोटी सी चिंगारी भी बड़ी घटना का रूप ले लेती है। ऐसी परिस्थितियों में दमकल वाहन की तत्काल आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि अग्निशमन विभाग के पास पर्याप्त पानी, गैस और जरूरी उपकरण होते हैं, जिनकी मदद से आग पर जल्द काबू पाया ज्या सकता है। हालांकि अग्निशमन विभाग की टीम समय-समय पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मॉकड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक करती है और आग लगने की स्थिति में उससे कैसे निपटना है, इसकी जानकारी देती है। बावजूद इसके संसाधनों की कमी के कारण बड़ी घटनाओं में समय पर राहत पहुंचाना चुनौती बना रहता है। स्थानीय अग्निशमन वाहन चालक शशि कुमार ने लोगों की सहायता के लिए अपना मोबाइल नंबर 8804468838 जारी किया है। वहीं सिपाही जकाकाश सिंह का मोबाइल नंबर 9304049954 है।

## गया नगर निगम ने शुरू किया टैक्स कैलकुलेटर वेब पोर्टल, अब घर बैठे जान सकेंगे प्रॉपर्टी टैक्स

**लोकतंत्र की आवाज**




**गयाजी।** गया नगर निगम के नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया के निर्देश पर शहरवासियों की सुविधा के लिए प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़ा नया टैक्स कैलकुलेटर वेब पोर्टल शुरू किया गया है। अब नागरिक अपनी संपत्ति का टैक्स आसानी से ऑनलाइन गणना कर सकेंगे। दरअसल, हाल ही में नगर आयुक्त के साथ चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक हुई थी। इस बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने प्रॉपर्टी टैक्स की गणना में पारदर्शिता की कमी का मुद्दा उठाया था। व्यापारियों का कहना था कि टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं होने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने तत्काल पहल की और नगर निगम की ओर से टैक्स कैलकुलेटर वेब पोर्टल तैयार कराया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी नागरिक अपनी संपत्ति से संबंधित जानकारी भरकर प्रॉपर्टी टैक्स की सटीक गणना कर सकता है। नगर निगम प्रशासन के अनुसार, इस सुविधा से टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को अपने टैक्स की जानकारी के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके साथ ही नागरिक दिए गए दफकोड को स्कैन कर सीधे पोर्टल पर पहुंचकर भी टैक्स की गणना कर सकते हैं।नगर निगम के नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस ऑनलाइन सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर अपर आयुक्त ने तहसील पहुंचकर संबंधित विभागों का किया निरीक्षण



रिपोर्ट आकांक्षा रानी
जनपद बिजनौर। नजीबाबाद अपरआयुक्त अरुण कुमार सिंह मुरादाबाद मंडल ने तहसील नजीबाबाद पहुंचकर संबंधित विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंगलवार को अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल अरूण कुमार तहसील नजीबाबाद पहुंचे जहां उन्होंने तहसील में स्थित एसडीएम कोर्ट, पूर्ति कार्यालय, भूलेख विभाग, विनमित क्षेत्र, तहसील से संबंधित अन्य विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसी के साथ-साथ ब्लॉक नजीबाबाद और नगर पालिका परिषद नजीबाबाद का भी निरीक्षण किया गया उन्होने सभी संबंधित विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त के निरीक्षण के दौरान तहसीलीय अधिकारियों में हडकम्प मचा रहा। इस दौरान उनके साथ डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ममता आदि अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### अधिक से अधिक कर्मकारों एवं लद्यु व्यापारियों के पंजीकरण करायेः जिलाधिकारी



शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ
हरदोई। श्रम विभाग की ओर से संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं प्रधानमंत्री लद्यु व्यापारी मानधन योजना में पात्र 18 से 40 वर्ष के अधिक से अधिक कर्मकारों एवं लद्यु व्यापारियों के पंजीकरण के संबंध में एक बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना में मनरेगा वकर्स, आशा, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षा मित्र, अनुदेश, पंचायत सहायक, कोटेदार, होमगार्ड, पीआरडी जवान जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य है उनका संबंधित विभाग के अधिकारी ब्लाक स्तर पर शिविर का आयोजन करें और बीडीओ से समन्य बनाकर पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति लेकर अधिक से अधिक पंजीकरण करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, पीडी, डीसी मनरेगा, आजिविका मिशन, सहायक श्रमायुकत सत्यबीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### बरात गए युवक का ससुराल में दरवाजे पर मिला शव, हत्या करने का आरोप

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। बरात में गए युवक का शव गुरुवार की रात ससुराल के दरवाजे पर पड़ा मिला। पिता ने ससुरालीजन पर विवाद के चलते बरात से बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। शहर कोतवाली के ग्राम जोगीपुर के अवनीश की पहली पत्नी रुस्तमा की सात वर्ष पहले मौत हो गई थी। अवनीश ने गांव की मौसमी से दूसरी शादी की थी। जैसा की अवनीश के पिता जय सिंह का कहना है कि बहू से बेटे का सात माह से विवाद चल रहा है ।बहू मायके से नहीं आ रही थी। जबकि वह बेटे अवनीश व अन्य लोगों के साथ सवायजपुर के ग्राम सिलवारी में डेरा डालकर रहता था ।गुरुवार की रात अवनीश गांव में रिश्तेदार धर्मेंद्र की बरात में शामिल होने आए थे ।देर रात अवनीश का शव गांव स्थित ससुराल में दरवाजे के बाहर पड़ा मिला। बरात से लौटी अवनीश की बहन नजरा ने शव पड़ा देखा। शोर मचाने पर स्वजन मौके पर आ गए। स्वजन उसे जिंदा समझकर मेडिकल कालेज अस्पताल लाए ।चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने ससुरालीजन पर विवाद के चलते हत्या करने का आरोप लगाया। अवनीश के परिवार के चार बच्चे हैं। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सद्गुरु की कृपा से ही आत्मज्ञान की प्राप्ति :म. आलोकानन्द नैनीताल

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। बेनीगंज थाना क्षेत्र के बेलवारखेड़ा स्थिति जनता इंटर कॉलेज मे आयोजित होली मिलन के शुभ अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति श्रीं हँस योग आश्रम हरदोई द्वारा आयोजित दो दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन मे ब्रहस्पतिवार शाम उत्तराखण्ड के नैनीताल आश्रम से आये म. आलोकानन्द ने कहा कि तेरे भरोसे मेरी गाडी तु जाने तेरा काम जाने। भाइयो एवं बहनो इस भजन का अर्थ है। कि यह जों मानुष चोला हम और आप लोगो को मिला है। यह हमारा और तुम्हारा नहीं है।आज मनुष्य इस मानव रूपी शरीर को देखकर फुला नहीं समा रहा है।वह इस शरीर को सुंदर बनाने मे समय बिता रहा है। वह यह नहीं जानता है। कि एक दिन यही शरीर का दहन हो जायेगा।प्यारे भाइयो सत्संग मे जाओ और सत्संग को एकाग्रचित होकर सुनो।जों भक्त सत्संग को एकाग्रचित होकर सुनता है।तो उसके जीवन का कल्यान सम्भवता होता है।कल्यान जों होता है। उसके बारे मे आभास होता है।और जीव जब सुख के सागर मे जब स्नान करता है।तो वह दुखो को भूल जाता है।प्रेमी भाइयो एवं बहनो। संत बड़े ही परोपकारी होते हैं, जो अपना सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण और सेवा में समर्पित कर देते हैं। संतों की कृपा से ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। बरेली आश्रम प्रभारी म. तारामती बाई ने कहा कि सद्गुरु की कृपा से आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है। आज हम लोंग संस्कृति के प्रभाव से हम सभी सनातन संस्कृति को भूल रहे हैं।प्रभु को जानना ही धर्म का मूल है। नई पीढ़ी में आध्यात्मिक संस्कार विकसित करना चाहिए। उन्होंने सद्गुरु सतपाल के सामाजिक, धार्मिक सरोकार पर प्रकाश डाला। हरदोई आश्रम प्रभारी महात्मा विद्युतानन्द ने कहा कि संतों का सानिध्य ही भक्तों के लिए तीर्थ है। तीर्थों में जाने के बजाए संतों की सेवा करनी चाहिए। साध्वी गंभीरा बाई ने कहा कि जीवन की सार्थकता भक्ति की मिठास को प्राप्त करना है। म. रामखेलावन ने भी अपने उदबोधन मे सत्संग के महत्व को समझने के विषय मे प्रकाश डाला। जानिगांव गांव से आये भजन गायक रामनाथ ने खायेगा भैया खायेगा, सुमिरन बिन गोता



खायेगा,बरेली से आयी सपना ने काटना अगर है। जिंदगी का सफर, गुरु चरणों मे आने का वायदा करो जैसे कई भजनो की प्रस्तुति कर भगवदभक्तो को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर लखनऊ मंडल के मंडल प्रभारी शिवम गुप्ता,मानव सेवा दल के उपजिलाप्रमुख बिहारीलाल, उपजिलाप्रमुख पंकज मौर्या,रामलखन,विजय कुमार, शिवकुमार,दीपा,रोली,शिखा आदि लोंग मौजूद रहे।

# बिजनौर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, उल्लंघन करने पर 7 अस्पताल सील




लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
बिजनौर। जनपद के कोतवाली ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए 7 अस्पतालों पर कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान कई अस्पतालों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग ने अस्पतालों को सील कर दिया और कुछ को नोटिस जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान पाया कि कुछ अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे थे, जबकि कई जगह डॉक्टर निरीक्षण के समय मौजूद नहीं मिले। इसके अलावा कुछ अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम भी मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए।

**कार्रवाई के दौरान जीवनः** हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम को सील कर दिया गया है वहां 2 ऑपरेशन से डिलीवरी हुए मरीज एडमिट थे लाइफलाइन हॉस्पिटल में भी ओटी और लेबर रूम बंद कर नोटिस जारी किया गया। जफर हॉस्पिटल को गाइडलाइन के खिलाफ संचालन करने के कारण सील कर दिया गया। इसी तरह नियो मेट्रो हॉस्पिटल में वेंटिलेटर और आईसीयू रूम को सील किया गया। न्यू फैमिली हेल्थ केयर सेंटर में निरीक्षण के समय डॉक्टर मौजूद नहीं मिलने पर अस्पताल को बंद करा दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हरदोई : जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 71 शिकायतें



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।
हरदोई। आज कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अतिरिक्त मजिस्टेज्ट पूनम भास्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# देवबंद : पवित्र माह रमजानुल मुबारक माह के अलविदा जुमा की की नमाज शांति के साथ हुई संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)
देवबंद। पवित्र माह रमजानुल मुबारक के अंतिम जुमे 'अलविदा जुमा' के अवसर पर देवबंद स्थित ऐतिहासिक रशीदिया मस्जिद में अकीदत और एहतराम के साथ नमाज अदा की गई। अलविदा जुमा के मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदार और नमाजी मस्जिद पहुंचे, जिससे मस्जिद परिसर और आसपास के इलाकों में खास रौनक देखने को मिली। अलविदा जुमा की नमाज मौलाना कारी अफ्फान ने अदा कराई, जबकि खुतबा दारुलउलूम के मोहतमिम साहब ने पढ़ा। खुतबे में रमजानुल मुबारक की फजीलत, इबादत की अहमियत, इंसानियत, भाईचारे और समाज में अमन-चैन कायम रखने का पैगाम दिया गया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जिसमें इंसान को अपने गुनाहों से तौबा कर नेक रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में आपसी मोहब्बत बढ़ाने की भी अपील की गई। अलविदा जुमा के अवसर पर नमाजियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम, सीओ, कोतवाली प्रभारी, खानकाह इंचार्ज सहित पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे, जिससे पूरी नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज अदा करने के बाद सभी नमाजी शांति और अनुशासन के साथ अपने-अपने घरों को लौट गए। वहीं कई लोगों ने नमाज के बाद बाजारों का रुख किया और ईद की तैयारियों को लेकर जमकर खरीदारी की, जिससे बाजारों में भी काफी चहल-पहल दिखाई दी।
इस प्रकार देवबंद की रशीदिया मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाएं भी सराहनीय रहीं।

# महिला उत्पीड़न शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लें, सदस्य, रा0 महिला आयोग, महिलाओं एवं बालिकाओं पर उत्पीड़न क्षम्य नहीं होगाः एकता सिंह

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता




लोक तंत्र की आवाज
हरदोई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज महिला आयोग द्वारा महिला जनसुवाई कार्यक्रम मा0 राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती एकता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महिला जनसुनवाई में मा0 सदस्य ने घरेलू हिंसा एवं अन्य तरह की पीड़ित महिलाओं के प्राप्त 12 शिकायती पत्रों का संज्ञान लेते हुए उपस्थित सीओ सिटी अंकित मिश्रा को निर्देश दिये कि संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देशित करें कि बार-बार महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लें और दोषियों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाये।
मा0 सदस्य ने कहा कि किसी भी विभाग या अन्य स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं पर उत्पीड़न क्षम्य नहीं होगा और महिला उत्पीड़न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को ससमय महिला आयोग प्रेषित करायें। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेज्ट भूमिका यादव, महिला थानाध्यक्ष निशा शुक्ला, जिला प्रोबेशन कार्यालय से प्रियंका, सतीश कुमार, रामू यादव, सुरभि सिह, प्रशांत दीक्षित व कीर्ति आदि उपस्थित रहें।

# अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती, 11 ओवरलोड ट्रक सीज

लोक तंत्र की आवाज



कालपी जालौन / अवैध बालू खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना रॉयल्टी व खनिज प्रपत्रों के मौरंग का परिवहन कर रहे 11 ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में माइनिंग इंस्पेक्टर, एआरटीओ तथा नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम ने कालपी तहसील क्षेत्र में देर रात से ही चेकिंग अभियान शुरू किया। टीम ने विशेष रूप से जोल्हूपुर मोड़ तथा काशीखेड़ादृइटौरा मार्ग पर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान ओवरलोड मौरंग लदे और वैध खनिज प्रपत्र प्रस्तुत न कर पाने वाले कुल 11 ट्रकों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। कार्रवाई के बाद सभी वाहनों को संबंधित थाना पुलिस की निगरानी में लेकर गल्ला मंडी कालपी परिसर में खड़ा कराकर सीज कर दिया गया। प्रशासन की इस सख्ती की सूचना मिलते ही अवैध खनन व परिवहन से जुड़े लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध रॉयल्टी या खनिज दस्तावेजों के बालू व मौरंग का परिवहन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही राजस्व व परिवहन विभाग की संयुक्त टीमें आगे भी विभिन्न मार्गों पर नियमित रूप से चेकिंग करती रहेंगी।

# सहारनपुर : न जिला इसका, न प्रदेश उनका आखिर सहारनपुर में ज़हर घोलने आए ही क्यों ?

लोकतंत्र की आवाज़

साजिद सलमानी
सहारनपुर। दिल्लीझदेहरादून हाईवे पर आपत्तिजनक ग्रैफिटी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तीन आरोपियों को थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर ही लिया। यह मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं बल्कि कई सामाजिक सवाल भी खड़े कर रहा है—जब न जिला इनका और न प्रदेश, तो आखिर सहारनपुर में आकर माहौल खराब करने की कोशिश क्यों की गई? जानकारी के अनुसार 27 फरवरी 2026 को एनएचआई वर्कर सुनील कुमार निवासी ग्राम बंजारेवाला, थाना बुग्गावाला (जनपद हरिद्वार) ने शिकायत दी थी कि दिल्लीझ देहरादून हाईवे पर लोहे के पुल के पास लगे ब्रास बैरियर पर कुछ लोगों ने आपत्तिजनक ग्रैफिटी पेंट कर दी है। यह कृत्य सौहार्द बिगाड़ने की मंशा से किया गया माना जा रहा है। मामले में थाना बिहारीगढ़ में मुकदमा संख्या 34/26 धारा 353(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया। जांच में सामने आया कि इस घटना में शामिल लोग सहारनपुर के निवासी नहीं हैं। गिरफ्तार आरोपियों में जितेन्द्र राघव निवासी सुभाषनगर क्लेमेनटाउन (देहरादून), सुलेखा निवासी चन्द्र नगर



कोतवाली (देहरादून) और शारदा पत्नी संजय राणा मूल निवासी भूपखेड़ी मुजाहिदपुर थाना रतनपुरी (मुजफ्फरनगर) हाल निवासी सुभाषनगर क्लेमेनटाउन (देहरादून) शामिल हैं। जिन्हें अपने किए पाप पर भी कोई पछतावा नहीं है। घटना के बाद भी मीडिया के सामने ये दो महिला आरोपी अपने किए कृत्य को सही बताती रहीं थी। बरहाल पुलिस ने 12 मार्च को तीनों को बड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर ही लिया। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला कारागार सहारनपुर तो भेज दिया गया। परंतु इस पूरे घटनाक्रम ने कई सामाजिक सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या किसी बाहरी जिले या राज्य के लोगों को दूसरे इलाके में जाकर इस तरह माहौल बिगाड़ने की छूट दी जा सकती है? आखिर इनके पीछे कौन है और ऐसी हरकतों से किसे फायदा होता है? स्थानीय लोगों का कहना है कि समाज में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों की निष्पक्ष और गहन जांच जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह सिर्फ शरारत थी या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा। हालांकि पुलिस का कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिजनौर अस्पताल पंजीकरण में खेल की चर्चाओं से गर्माया स्वास्थ्य महकमा

लोकतंत्र की आवाज




रिपोर्ट पायल कुमारी
बिजनौर। जनपद के स्वास्थ्य विभाग में इन दिनों निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम के पंजीकरण व नवीनीकरण की प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। सीएमओ कार्यालय के गलियारों में एक लिपिक बाबू की कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। हालांकि, इन आरोपों की अभी तक किसी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।डिग्री के नाम पर वसूली की विभागीय सूत्रों और अस्पताल संचालकों के बीच चर्चा है कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान कागजों में सर्जन और महिला चिकित्सकों डिग्री दिखाने के नाम पर डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक की मांग की जा रही है। आरोप है कि कई अस्पतालों में चिकित्सक केवल दस्तावेजों तक ही सीमित हैं और मौके पर सेवाएं नहीं यहाँ पर आकस्मिक एवं सामान्य प्रसव सेवा उपलब्ध है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धामपुर-बिजनौर देते। महकमे में यह भी चर्चा है कि मात्र फोटोकॉपी के आधार पर भी कई फाइलों को हरी झंडी दे दी गई है। सुगबुगाहट, डिग्री के खेल और सुविधा शुल्क को लेकर उठ रहे सवाल, लिपिक की कार्यप्रणाली चर्चा में फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रकरण पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन, दबी जुबान में हो रही इन चर्चाओं ने विभाग की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारों का कहना है कि यदि इन चर्चाओं में लेशमात्र भी सच्चाई है, तो इसकी उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि पंजीकरण प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे।

# कृषि तकनीक अपनाकर किसान बढ़ा सकते हैं उत्पादनः रामकृपाल यादव

## पूसा में तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का शुभारंभ, 200 से अधिक स्टॉल पर मिल रही नई तकनीकों की जानकारी



**लोकतंत्र की आवाज**

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के मेला प्रक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का शुभारंभ बिहार सरकार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने फीता खोलकर किया।इसके बाद उन्होंने मेला परिसर में लगाए गए विकसित कृषि उन्नत भारत, मशरूम हब, उद्यानिकी, कुक्कुट पालन, मृदा विहीन खेती सहित विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मेला में उपस्थित महिला-पुरुष किसानों, वैज्ञानिकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार की पहचान कृषि से है, क्योंकि राज्य की करीब 70 प्रतिशत से अधिक आबादी खेती पर निर्भर है।उन्होंने कहा कि कृषि के समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा बनाए गए रोडमैप का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा कि मक्का उत्पादन के क्षेत्र में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है, वहीं मखाना की मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि बिहार में उत्पादित कृषि उत्पाद और व्यंजन देश के हर थाली में दिखाई दें। इसी कड़ी में उन्होंने मशरूम उत्पादन को भी किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में भी बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान मेला जैसे आयोजनों से उन्हें कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिलती है। यदि किसान इन तकनीकों को अपनाते हैं तो उत्पादन बढ़ाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में आने वाली चुनौतियों का सामना किसान और कृषि वैज्ञानिक मिलकर कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में किसानों और कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका बताई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने कहा कि पूसा को कृषि अनुसंधान की जननी कहा जाता है। किसान मेला का मुख्य उद्देश्य किसानों तक नई कृषि तकनीकों और शोध के परिणामों को पहुंचाना है, ताकि वे इसका लाभ अपने खेतों में उठा सकें। उन्होंने बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना को अहम कदम बताते हुए कहा कि आने वाले समय में बिहार मखाना उत्पादन में देश में प्रथम स्थान हासिल करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो मखाना के विकास पर काम करेगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आर. के. झा, निदेशक अनुसंधान डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. कुमार राज्यवर्धन, जय कृष्ण झा तथा पद्मश्री से सम्मानित प्रगतिशील महिला किसान राजकुमारी देवी सहित बड़ी संख्या में किसान, वैज्ञानिक और छात्र उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन केवीके बिरौली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. के. तिवारी ने किया।

मेला में करीब तीन हजार किसानों का पंजीकरण हो चुका है, जबकि 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, जैविक खेती, मृदा प्रबंधन और नई कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। आयोजकों के अनुसार यह मेला किसानों और वैज्ञानिकों के बीच संवाद का सशक्त मंच बन रहा है, जिससे किसानों को खेती को अधिक लाभकारी बनाने में मदद मिलेगी।

# भागलपुर में LPG गैस की कोई कमी नहीं, जिलाधिकारी ने अफवाहों पर लोगों से ध्यान न देने का किया अपील



**लोकतंत्र की आवाज**

**अंकित कुमार मिश्र**

**भागलपुर।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित समीक्षा भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैस कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ जिले में गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भागलपुर में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए लोगों को घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में जिले में लगभग 18 से 20 हजार गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

बैठक में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के वरीय क्षेत्रीय प्रबंधक शाहनवाज अनवर और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक इंद्रनील अग्रवाल ने बताया कि घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। हालांकि व्यावसायिक गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं के सत्यापन के कारण कुछ स्थानों पर आपूर्ति अस्थायी रूप से रोकी गई है, जबकि सत्यापित उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस आपूर्ति का केवल 2 से 3 प्रतिशत हिस्सा ही व्यावसायिक उपयोग में जाता है। पुलिस लाइन, एनएम केंद्र, जीविका समूह और टाटा स्टील जैसी संस्थाओं को सत्यापन के बाद व्यावसायिक गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

बैठक में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक रमन गौतम ने बताया कि सामान्य दिनों में प्रतिदिन लगभग 10 हजार सिलेंडर का बैकलॉग रहता है, जबकि फिलहाल तीन दिनों का बैकलॉग चल रहा है। इसके बावजूद वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में गैस का भंडार उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गैस एजेंसियों या गोदामों पर अधिक भीड़ लग रही है, उनकी सूची तैयार कर वहां विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों की तैनाती की जाए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अवैध नशें के खिलाफ मानवाधिकार टीम द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता अंकित कुमार मिश्र

भागलपुर। भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित विशनपुर जिछो पंचायत में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन के जिला संगठन द्वारा एवं लोदीपुर थाना पुलिस व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अवैध नशें के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। सर्वप्रथम इस रैली की शुरुआत लोदीपुर थाना परिसर से की गई। तदनोपरांत यादव टोला, हरिजन टोला से होकर जनसंवाद करते हुए मुस्लिम टोला, कुशवाहा टोला से गुजर कर पुनः थाने पर समाप्त की गई। मौके पर संगठन के मीडिया प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव श्री विभूति सिंह के साथ साथ रोजगार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बिहार श्री विकास कुमार, लोदीपुर थाना अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक श्री शिलानाथ सिंह, विशनपुर जिछो पंचायत के मुखिया श्री आशुतोष महलदार, सरपंच श्री दिनेश राम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं संगठन के मीडिया प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव श्री विभूति सिंह ने आम जनमानस से अपील किया कि जो भी अवैध सुखे नशें का कारोबार करता है कि आप स्थानीय थाने को सूचित करें आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और उक्त नशें के सौदागर के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि श्री सिंह ने एक नंबर 9931250649 जारी करते हुए कहा कि आप इस संगठन के नंबर पर भी सूचना दे सकते हैं। वहीं विशनपुर जिछो पंचायत के मुखिया श्री आशुतोष महलदार ने बताया कि पूर्व में भी इस तरह का अभियान चलाया जा चुका है और संगठन के सहयोग से इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### विक्रमशिला महोत्सव का शानदार तरीके से आरम्भ



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती/ कहलगांव। विक्रमशिला महोत्सव 2026 के शुभ अवसर पर महोत्सव स्थल अंतिमचक में एकदिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णा चंद्रगुप्त सर एवं श्री गरिमा एसपी मुजफ्फरपुर के संयुक्त कर कमल से हुआ। कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आपूर्ति शाखा कहलगांव के द्वारा किया गया था जिसमें पुरुष वर्ग में 34 पहलवान एवं बालिका वर्ग में कुल 23 पहलवानों ने जोड़ आजमाइश किया। ।बालिका वर्ग में नीलम कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पुरुष वर्ग में प्रीतम कुमार और मनीष कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान में सोनाक्षी कुमारी मनीष कुमार एवं तृतीय स्थान में रूपा कुमारी और श्याम कुमार ने बाजी मारी। सभी विजेताओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र कुश्ती प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक मुरारी पासवान सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार, कार्यपालक डंडा पदाधिकारी रवि बाबू, प्रखंड विकास पदाधिकारी कहलगांव के हाथों दिया गया। निर्णायक के रूप में गणेश पहलवान एवं सुनील पहलवान जबकि उद्घोषक एवं संचालन करता फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने निभाई। वही कार्यक्रम के सफलता हेतु सहयोग में शिक्षक सर्वोत्तम कुमार, अंबिका कुमार और सुमन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सड़क बनी जानलेवा, लोग परेशान



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती नगर पंचायत के वार्ड 7 और 8 में जर्जर सड़क से लोग परेशान, नाला टूटने से बढ़ा हादसों का खतरा। पीरपैंती नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 एवं 8 में बनी सड़क अब पूरी तरह जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क की खराब स्थिति और बीच में बने नाले का ढक्कन टूट जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को प्रतिदिन गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क और नाले की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय निवासी आफताब आलम ने बताया कि वर्षों से इस जर्जर सड़क और टूटे नाले के कारण लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन किसी न किसी के साथ हादसा हो रहा है। कई बार वाहन भी गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार नगर पंचायत को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस संबंध में जब नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी पूनम कुमारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी तुरंत मरम्मत कार्य कराना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के अनुसार फिलहाल कोई नया कार्य नहीं किया जा सकता है और 31 मार्च के बाद ही इस पर कार्रवाई संभव होगी।इधर स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क और नाले की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

### निरंजन तिवारी बीपीएमयू का प्रदेश संगठन सचिव मनोनीत मिली बधाई



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। बिहार का एकमात्र श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार से पंजीकृत इंडियन फेडरेसन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट( आई एफ डब्ल्यू) से संबद्ध बिहार प्रेस मेंस यूनियन मे निरंजन तिवारी को प्रदेश संगठन सचिव बनाया गया है। ज्ञात हो कि पत्रकारिता के प्रति समर्पण कर्मठता ईमानदारी और आत्म निष्ठा को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनमोल कुमार ने उन्हें बिहार प्रेस मेंस यूनियन का प्रदेश संगठन सचिव मनोनीत किया है। पत्रकार हित में सतत संघर्षरत और आवाज बुलंद करने वाले यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष एसएन श्याम सचिव संजय तिवारी अवधेश कुमार शर्मा और राजन तिवारी ने स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं और निरंजन तिवारी को ढेर सारी बधाइयां दी हैं।

# चापाकल खराब, पेयजल संकट



**लोकतन्त्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड स्थित मानिकपुर पंचायत के मुस्लिम टोला में महीनों से एक चापाकल खराब पड़ा है। इसके कारण स्थानीय निवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह चापाकल क्षेत्र में पानी का मुख्य स्रोत है, जिसके खराब होने से उन्हें दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार प्रखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने जिले में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत के लिए विशेष वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द पेयजल व्यवस्था बहाल करना था। हालांकि, पीरपैंती के मानिकपुर क्षेत्र में यह चापाकल अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इन दिनों रमजान का महीना चल रहा है, जिससे पानी की समस्या के कारण रोजमर्रा के कार्यों में काफी परेशानी हो रही है।

# समस्तीपुर नगर निगम का 360 करोड़ का बजट पारित

**लोकतंत्र की आवाज**





- मेयर अनिता राम की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक, जलजमाव, कचरा प्रबंधन व आधारभूत सुविधाओं पर जोर
- शहरी गरीबों पर 103 करोड़ खर्च का प्रावधान

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** नगर निगम समस्तीपुर की बोर्ड बैठक शुक्रवार को मेयर अनिता राम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में उप मेयर रामबालक पासवान, नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश, उप नगर आयुक्त, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, सभी वार्ड पार्षद एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सदस्यों ने बजट को नगर विकास के अनुरूप बताते हुए इसकी सराहना की। साथ ही सशक्त स्थायी समिति की कार्यवाही का अनुमोदन तथा पिछली सामान्य बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि भी की गई।

नगर निगम ने वर्ष 2026-27 के लिए 360 करोड़ 25 लाख रुपये की अनुमानित आय तथा 274 करोड़ 70 लाख रुपये के व्यय का प्रावधान किया है।इस तरह करीब 85 करोड़ 54 लाख रुपये अधिशेष रहने का अनुमान है। नगर निगम की आय के मुख्य स्रोतों में संपत्ति कर, मोबाइल टावर कर, ट्रेड लाइसेंस शुल्क तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से विभिन्न मदों में मिलने वाली राशि शामिल है।

बजट में शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कई योजनाओं को शामिल किया गया है।ठोस कचरा प्रबंधन के तहत कचरे से खाद बनाने के लिए कम्पोस्ट पिट, एमआरएफ सेंटर, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, लैंडफिल साइट तथा डस्टबीन की खरीद की जाएगी। वहीं जलजमाव की समस्या से राहत के लिए शहर में स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज का निर्माण कराया जाएगा।

इसके अलावा योगशाला केंद्र, शवदाह गृह सहित मोक्षधाम, वृद्धों के लिए आश्रय स्थल तथा भूमिहीन शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास निर्माण की योजना भी बजट में शामिल है। साथ ही बस स्टैंड, वेंडर जोन, सामुदायिक शौचालय एवं मूत्रालय, पुस्तकालय, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था पर भी खर्च किया जाएगा।नगर निगम ने बजट में शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सेवाओं पर लगभग 103 करोड़ 25 लाख रुपये (28.66 प्रतिशत) खर्च करने का प्रावधान किया है। अधिकारियों का कहना है कि इससे शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# अलविदा जुम्मा की नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में अदा, मस्जिदों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/नवगछिया।** इस्लाम धर्म के पवित्र माह-ए-रमजान के चौथे जुमे यानी अलविदा जुम्मा की नमाज़ प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। अलविदा जुम्मा के अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदार नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिदों में पहुंचे। मस्जिदों में नमाज़ियों की भीड़ देखी गई और लोगों ने अल्लाह की इबादत करते हुए मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी।

बिहपुर जामा मस्जिद में इमाम हजरत मौलाना अबूसाहले फरीदी ने अलविदा जुम्मा की नमाज़ अदा कराई। नमाज़ से पहले उन्होंने बयान में रमजान की अहमियत, रोज़े की फजीलत और इंसानियत के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत, नेकियों और जरूरतमंदों की मदद का पैगाम देता है। इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है, इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह अल्लाह की इबादत के साथ-साथ समाज में भाईचारे और मोहब्बत को बढ़ावा दे।वहीं बिहपुर स्थित खानकाह फरीदिया मोहब्बतिया के सज्जादानशीन हजरत अली कौनैन खान फरीदी तथा नायाब सज्जादानशीन हजरत मौलाना शब्बर खान फरीदी ने भी अलविदा जुम्मा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का अंतिम दौर चल रहा है और यह समय ज्यादा से ज्यादा इबादत, तौबा और दुआ करने का है। उन्होंने कहा कि रमजान हमें संयम, त्याग और इंसानियत की राह पर चलने की सीख देता है। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में नमाज़ अदा करने के बाद रोजेदारों ने एक-दूसरे से गले मिलकर अलविदा जुम्मा की मुबारकबाद दी।

# पूसा किसान मेला में सस्ते दर पर मिल रहे फूल व सब्जियों के बीज पैकेट, साल भर घर के पास उगा सकेंगे सब्जियां

**लोकतंत्र की आवाज**



**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, पूसा के बीज निदेशालय की ओर से किसानों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय किसान मेला में विभिन्न प्रकार के फूलों और सब्जियों के बीज के पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन पैकेटों की खासियत यह है कि इन्हें घर के आसपास की छोटी जगहों में लगाकर किसान और आम लोग साल भर ताजी सब्जियां और फूल प्राप्त कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के बीज निदेशक डॉ. डी.के. राय ने बताया कि बीज निदेशालय द्वारा किसानों को धान, गेहूं और सरसों सहित कई फसलों के उन्नत बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान मेला में विशेष रूप से श्री अन्न (मिलेट्स) के विभिन्न प्रभेद के साथ-साथ साल भर उगने वाली सब्जियों और फूलों के बीज के छोटे पैकेट भी बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन पैकेटों में लौकी, करेला, नेनुआ सहित कई प्रकार की हरी सब्जियों के बीज शामिल हैं। इन बीजों को घर के आसपास खाली जगह या छोटे किचन गार्डन में लगाकर लोग साल भर ताजी सब्जियां प्राप्त कर सकते हैं, जिससे बाजार से सब्जियां खरीदने की जरूरत भी कम हो जाएगी।

बीज निदेशालय में कार्यरत इंजीनियर प्रभाकरन ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देश पर ढोली में किसानों को विभिन्न प्रकार के गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। किसान मेला में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीजों के छोटे-छोटे पैकेट भी तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के हित में लगातार सक्रिय है और उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ बीज निदेशालय कार्य कर रहा है।

# भागलपुर में ट्रेन लूट गिरोह का पर्दाफाश, दो महिला डिटेन, हथियार और जेवर बरामद

**लोकतंत्र की आवाज**



**संवाददाता अंकित कुमार मिश्र भागलपुर**

**भागलपुर।** भागलपुर से बड़ी खबर सामने आई है जहां रेल पुलिस ने ट्रेनों में लूट, चोरी और छिनतई की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने दो शातिर महिलाओं को डिटेन किया है दरअसल बीते दिनों सूरत एक्सप्रेस में एक महिला यात्री के साथ चेन छिनतई की घटना हुई थी।

घटना के बाद मामले के उद्भेदन के लिए सीआईबी जमालपुर, आरपीएफ भागलपुर और सीपीडीएस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की कार्रवाई के दौरान भागलपुर के अलीनगर इलाके में मोहम्मद जलाल, मोहम्मद लाल बाबू, मोहम्मद कलीम और मोहम्मद नाड़ा के घरों में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने दो देशी पिस्टल, चार देशी कट्टा, 18 जिंदा कारतूस, धारदार हथियार के साथ-साथ ट्रेन में लूटपाट के दौरान छीने गए सोने-चांदी के जेवर भी बरामद किए हैं पुलिस के अनुसार यह गिरोह संगठित तरीके से ट्रेनों में लूटपाट और छिनतई की घटनाओं को अंजाम देता था। फिलहाल गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस बिहार सहित देश के अलग-अलग राज्यों में लगातार छापेमारी कर रही है।

# चकपहार में किसानों को दिया गया आईपीएम और नाशीजीव निगरानी का प्रशिक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोरवा/समस्तीपुर।** प्रखंड क्षेत्र के चकपहार पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को प्रगतिशील किसानों और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली (NPSS) के तहत रबी मौसम 2025–26 के लिए आयोजित आईपीएम (एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन) ओरियंटेशन कार्यक्रम का हिस्सा है।

यह कार्यक्रम भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, पटना द्वारा आयोजित किया गया है।प्रशिक्षण 13 से 14 मार्च तक चलेगा, जिसमें किसानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।कार्यक्रम का उद्घाटन वनस्पति संरक्षण अधिकारी विवेक कांत गुप्ता, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी साक्षी, आईपीएम इंटर्न आकाश कुमार, जागरण पंचायत क्लब अध्यक्ष पन्ना लाल यादव, युवा नेता सिकंदर प्रसाद रंजन और समाजसेवी राजकुमार शाह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।

**किसानों को दी गई तकनीकी जानकारी:** प्रशिक्षण के दौरान वनस्पति संरक्षण अधिकारी विवेक कांत गुप्ता ने किसानों को आईपीएम के महत्व, सिद्धांत और इसके विभिन्न आयामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फसलों में रसायनों के अधिकतम अनुमेय अवशेष (MRL) का ध्यान रखना जरूरी है, ताकि कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिल सके।

वहीं सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी साक्षी ने आईपीएम की व्यावहारिक विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फेरोमोन ट्रैप, पीला एवं नीला चिपचिपा जाल, फल मक्खी जाल और प्रकाश प्रपंच जाल के उपयोग के बारे में बताया। इसके साथ ही मक्का और सब्जियों में लगने वाले रोग-व्याधि, कीटनाशकों के सुरक्षित और संतुलित उपयोग तथा उनके मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की भी जानकारी दी गई। उन्होंने ट्राइकोडर्मा से बीज उपचार, चूहे के प्रकोप और उसके नियंत्रण, फॉल आर्मी वर्म के प्रबंधन, मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान तथा कीटनाशकों के लेबल और कलर कोड की जानकारी भी किसानों को दी।

**एनपीएसएस ऐप और जैविक विकल्पों की जानकारी:** आईपीएम प्रशिक्षु आकाश कुमार ने किसानों को नीम आधारित और अन्य वानस्पतिक कीटनाशकों के महत्व के बारे में बताया। साथ ही भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित एनपीएसएस ऐप के उपयोग और उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान आईपीएम प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें विभिन्न कीट प्रबंधन तकनीकों और उपकरणों को प्रदर्शित किया गया।

**दूसरे दिन होगा प्रक्षेत्र भ्रमण:** प्रशिक्षण के दूसरे दिन किसानों को खेतों में ले जाकर कृषि पारिस्थितिक तंत्र विश्लेषण (AESA) कराया जाएगा, ताकि किसान खेत स्तर पर कीट-रोग की पहचान और उनके वैज्ञानिक प्रबंधन को बेहतर तरीके से समझ सकें। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नशीली दवाओं की बिक्री की सूचना पर ढाका में दो मेडिकल स्टोर पर रेड किया गया



**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**
**मोतिहारी।** दिनांक-13.03.2026 शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) द्वारा औषधि निरीक्षक,सुशील कुमार,रईस आलम एवं राकेश सिंह तथा थाना अध्यक्ष ढाका के साथ संयुक्त रूप से गुप्त सूचना के आधार पर ढाका बाजार अंतर्गत अंतर्गत तीन मेडिकल स्टोर- उपकार मेडिकल,न्यू इंडिया मेडिकल एवं बिंदा में बिंदा मेडिकल पर छापेमारी की गई। उपरोक्त मेडिकल स्टोर के विषय में नशीले दवा की की बिक्री की सूचना मिली थी। छापेमारी के क्रम में नारकोटिक्स से संबंधित 10 प्रकार के दावों का सैंपल जप्त किया गया। साथ ही 50 अन्य तरह की संदिग्ध पाए गए नशीली दवाओं का सैंपल लिया गया। वहीं छापेमारी दल द्वारा बताया गया की जप्त किए गए दवाओं की जांच कराई जाएगी तथा जांच रिपोर्ट के आलोक में दवा प्रतिष्ठा के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### मोतिहारी: जनता दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 41आवेदन प्राप्त हुए



**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**
दिनांक 13.03.2026 शुक्रवार को पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आएं 41 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) पूर्वी चंपारण मोतिहारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा सुनवाई की गई। इस दौरान जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो. शिबगतुल्लाह,वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। शुक्रवार को भूमि विवाद,अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया है। शीघ्र ही समास्या का निदान होगा।

### मोतिहारी: भोपतपुर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 7 वारंटी गिरफ्तार



**केसरिया - संवाददाता प्रिंस कुमार।**
**पूर्वी चंपारण।** जिले के भोपतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर विभिन्न मामलों के सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार टीआर नं.-47/25, कांड संख्या 19/18 के वारंटी अनिल यादव, सुभाष यादव, सुनील यादव और राकेश यादव, सभी हरी यादव के पुत्र एवं निवासी भोपतपुर अहिरौलिया को पकड़ा गया है। इसके अलावा टीआर नं.-994/25, कांड संख्या 163/14 के वारंटी मैनेजर सहनी और नगीना सहनी,दोनों स्वर्गीय माधो सहनी के पुत्र एवं निवासी भोपतपुर को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं टीआर नं.-953/25, कांड संख्या 68/17 के वारंटी भरत राय, स्वर्गीय रामअनूप राय के पुत्र,निवासी जसौली को भी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया है। उधर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# पूर्वी चंपारण : अरेराज में 19 से 27 मार्च तक होगा श्री शतचण्डी महायज्ञ, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** अरेराज के पिपरा पंचायत अंतर्गत गुरहा तेतर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आगामी 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले श्री शतचण्डी महायज्ञ की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा समिति के सदस्य और ग्रामीणों ने यज्ञ को सफल बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष रामनिवास पाण्डेय ने की,जबकि प्रधान यजमान चंद्र भूषण पाठक भी उपस्थित रहे। दोनों ने संयुक्त रूप से बताया कि यह महायज्ञ विश्व शांति, सुख-समृद्धि और क्षेत्र की मंगलकामना के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, वहां से दुर्भिक्ष, महामारी और विभिन्न प्रकार की आपदाएं दूर रहती हैं तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री ने यज्ञ की व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यज्ञशाला के सभी स्तंभों को अलग-अलग रंगों से सजाया जाएगा और उन स्तंभों पर संबंधित देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, जिससे पूरे यज्ञ परिसर का वातावरण आध्यात्मिक और भव्य बने। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 19 मार्च को प्रातः 7 बजे जल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें कुमारी कन्याएं भी शामिल होंगी। जल यात्रा के दौरान उनके लिए शरबत और फलाहार की व्यवस्था की जाएगी। उसी दिन शाम को मंडप प्रवेश और पंचांग पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की औपचारिक शुरुआत होगी। इसके अगले दिन से वैदिक रीति-रिवाजों के साथ यज्ञ अनुष्ठान, दुर्गा सप्तशती पाठ आरंभ होगा। आयोजकों के अनुसार 27 मार्च तक कुल 100 पाठ पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में यज्ञ में भाग लेंगे और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। इस बैठक में सहायक यजमान संजय पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय,कोषाध्यक्ष रामकिशोर प्रसाद,निगरानी अध्यक्ष सह सरपंच धनंजय चौबे,जितेंद्र मिश्रा,संदीप मिश्रा,अरविंद शुक्ला, सोनू कुमार, रामशरण महतो,धर्मेंद्र कुमार,पूजा पासवान,पंकज कुमार, जमुना साह,सुरेश महतो,विपिन ठाकुर पंकज ठाकुर सहित कई ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं बैठक के दौरान सहायक आचार्य आशीष शुक्ला के मंत्रोच्चार के बीच यज्ञशाला के गुंबद की स्थापना भी की गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रहने, भोजन और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि सभी भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेने और धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की हैं।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं 77 शिकायतें, कई मामलों का मौके पर हुआ निपटारा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 77 शिकायतों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी के निर्देश पर कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली।

इस दौरान रामपरी देवी, देवनारायण साह, प्रेमलता कुमारी, हीरालाल पासवान, सरस्वती प्रसाद, संजय कुमार, राहुल कुमार, कृष्णा साह, राजकुमार साह, अजय कुमार, जटाशंकर यादव, सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

यह जनसुनवाई कार्यक्रम सात निश्चय-3 के तहत चल रहे ''सबका सम्मानझ जीवन आसान'' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए। जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता अहमद अली, श्रीमती नगमा तबस्सुम तथा पीजीआरओ बेतिया मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## यूपीएससी में चयनित युवक को पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** कहा जाता है कि जीवन में अगर कुछ करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तों मंजिल जरुर मिलतीं है। ऐसा ही कर दिखाया है। ज़िले के झरोखर थाना क्षेत्र के संजीव कुमार (कुशवाहा) पिता सुनील कुशवाहा,ग्राम पिठवा थाना झरोखर,जिला पूर्वी चम्पारण ने जिनका चयन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में चयन हुआ है। इसको लेकर घर परिवार,गांव समेत सगा संबंधियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गयी है। वहीं मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने उनके चयनित होने पर संजीव कुमार को सम्मानित किया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनकी सफलता से जिले के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। और वे कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी होंगे।

## खुद को योग गुरु बताने वाला युवक शराब के साथ गिरफ्तार, पिपरासी थाना पुलिस ने दियारा क्षेत्र से पांच बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दबोचा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस जिले के पिपरासी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पांच बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति खुद को योग गुरु बताता था। पिपरासी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश सीमा से सटे दियारा क्षेत्र के रास्ते शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने दियारा इलाके में निगरानी बढ़ा दी और संभावित स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बोधीनगर दियारा की ओर बाइक से जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से रॉयल स्टैग ब्रांड की 750 एमएल की पांच बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पठखौली थाना क्षेत्र के पठखौली मोहल्ला निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह शराब को उत्तर प्रदेश से दियारा मार्ग के रास्ते बगहा ला रहा था। जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार बगहा में कुछ अधिकारियों को योग भी सिखाता था और खुद को योग गुरु के रूप में प्रचारित करता था।

पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी लकड़ी चोरी के एक मामले में जेल जा चुका है। उसे वन क्षेत्र से लकड़ी



तस्करी के दौरान गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## बगहा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, लंबित मामलों के आपसी सहमति से निपटारे पर रहेगा जोर

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों ने बैठक कर तैयारियों और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह अनुमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष रवि रंजन कुमार तथा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह अनुमंडल विधिक सेवा समिति के सचिव आलोक कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत के लिए संबंधित पक्षकारों को नोटिस भेजे जा चुके हैं और सभी विभागों को सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागाध्यक्षों से अपने-अपने सक्षम प्रतिनिधियों को लोक अदालत में उपस्थित रखने को कहा गया है। न्यायालय का उद्देश्य लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करना है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे विवादों और लंबे समय से लंबित मामलों को इस माध्यम से समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान भी चलाया गया है, ताकि लोग लोक अदालत की प्रक्रिया और इसके लाभों को समझ सकें। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से मामलों का निपटारा होने पर किसी की हार या जीत नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों को समाधान मिलता है।

**बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं का होगा समाधान:** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा के कार्यपालक अभियंता आलोक अमतांशू ने बताया कि लोक अदालत में बिजली बिल से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से संबंधित एफआईआर के मामलों की सुनवाई लोक अदालत में नहीं होगी। ऐसे मामलों की सुनवाई मुजफ्फरपुर स्थित स्पेशल कोर्ट इलेक्ट्रिसिटी में की जाती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि बिजली बिल से संबंधित समस्या वाले लोग आवश्यक कागजात के साथ लोक अदालत में पहुंचकर अपने मामलों का समाधान करा सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोक अदालत में बिजली बिल माफ करने की कोई व्यवस्था नहीं है, इसका उद्देश्य केवल बिल से जुड़े विवादों का निपटारा करना है।

## इफ्तार पार्टी में दिखी भाईचारे की मिसाल, बगहा में रमजान के आखिरी जुमे पर हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने साथ किया इफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा (प. चंपारण)।** रमजान के आखिरी जुमे (अलविदा) के अवसर पर बगहा में आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। नगर थाना के समीप स्थित स्माइल डेंटल केयर के चिकित्सक डॉ. मंजर वसीम उर्फ डॉ. सन्नी और डॉ. अजहर वसीम उर्फ डॉ. मन्नी द्वारा शुक्रवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और देश में अमन-चैन, भाईचारे व खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर बगहा नगर के पूर्व सभापति प्रतिनिधि फिरोज आलम, डॉ. तारीख नदीम, एएसआई एकतेदार अहमद, मोबिन अंसारी, मो. आशिफ खान, मो. गयासुद्दीन, संदीप कुमार, दिनेश यादव, डॉ. युसुफ रहमान, इजहार सिद्दीकी, तुफैल अहमद, विनय यादव तथा समाजसेवी नुरुल्लाह अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि रमजान का महीना इंसानियत, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। इसी भावना के साथ इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समुदायों के लोगों ने भाग लेकर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

## बिहार दिवस के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक, 22 मार्च को बिहार दिवस का होगा भव्य आयोजन: जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** आगामी 22 मार्च को पूर्वी चंपारण जिले में बिहार दिवस का भव्य आयोजन कराया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को बिहार दिवस के अवसर पर जिला के विद्यालयों में प्रभात फेरी निकालने एवं विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालयों में वाद विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग, रंगोली, क्विज एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने की बात कही गई। बिहार दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय सहित सभी जिला स्तरीय कार्यालय में साफ सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर कार्यालय भवनो को सजाने का भी निर्देश दिया गया। डीपीओ आईसीडीएस को शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रेक्षागृह परिसर में रंगोली बनवाने का निर्देश दिया गया। बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को संध्या में मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में भव्य सांस्कृतिक आयोजन कराने का निर्णय लिया गया जिसमें स्कूली बच्चों के प्रदर्शन के साथ-साथ जिला के कुछ नामचीन कलाकारों का चयन कर उनका भी प्रदर्शन कराने का निर्देश दिया गया। ज्ञातव्य है कि 22 मार्च 1912 को बंगाल से अलग होकर बिहार एक स्वतंत्र प्रांत के रूप में अस्तित्व में आया था। इसी के उपलक्ष में प्रतिवर्ष 22 मार्च को बिहार दिवस का आयोजन कराया जाता है। इस बैठक में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त आशीष कुमार, एसडीओ सदर निशांत सिहारा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा निधि कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग प्रहलाद गुप्ता, महाप्रबंधक उद्योग शुभम कुमार प्रभारी पदाधिकारी कला संस्कृति, डीपीओ आईसीडीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कला प्रेमी संजय पांडेय सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर को लेकर अफवाहों पर प्रशासन सख्त, 81 गैस एजेंसी संचालकों के साथ हुई बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर फैली अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि जिले में डोमेस्टिक गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और सप्लाई नियमित रूप से जारी है। समाहरणालय सभागार में आयोजित जिलास्तरीय बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिले की 81 गैस एजेंसियों के संचालकों और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के फिल्ड ऑफिसरों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एजेंसी संचालकों और फिल्ड ऑफिसरों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता में कहीं भी कोई समस्या नहीं है तथा नियमित रूप से सप्लाई हो रही है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों में गैस सिलेंडर की किल्लत से संबंधित खबरें प्रकाशित होने के कारण आम लोगों में अफवाह फैल रही है। कई स्थानों पर लोगों द्वारा गैस की कमी की बात कही जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं में यह धारणा बन रही है कि गैस सप्लाई में समस्या है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सभी गैस एजेंसी संचालकों का सहयोग जरूरी है, ताकि उपभोक्ताओं के बीच किसी प्रकार की भ्रांति या अफवाह न फैले। उन्होंने सभी एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में यह व्यापक रूप से प्रचारित करें कि डोमेस्टिक गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, इसलिए लोग अनावश्यक रूप से एजेंसियों के बाहर लाइन न लगाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही नए गैस सिलेंडर के लिए नंबर लगाया जा सकता है। बैठक में एजेंसी संचालकों ने अपने-अपने गैस स्टॉक की जानकारी देते हुए बताया कि सप्लाई में कोई कमी नहीं है, लेकिन इन दिनों मांग बढ़ने के कारण दबाव अधिक है। कुछ संचालकों ने विधि-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही सिलेंडर की बिक्री सुनिश्चित की जाए तथा डोमेस्टिक गैस को कमर्शियल उपयोग में परिवर्तित करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### समस्तीपुर : आध्यात्मिक शक्तियों को कैसे बढ़ाए विषय पर किया गया परिचर्चा



**समस्तीपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू राज से वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं महिला प्रभाग की नेशनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी शारदा दीदी पधारीं और समस्त जिले से आध्यात्मिकता के पथ पर चलने वाले भाई-बहनों को अपने जीवन में आध्यात्मिक शक्तियों को कैसे बढ़ाएं विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि दिनचर्या का शुभारंभ ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः चार बजे आँख खुलते ही परमात्मा पिता से गुडमॉर्निंग के साथ करें। तत्पश्चात प्रतिदिन एक घंटा प्रातः चार से पाँच बजे तक परमात्मा पिता का स्मरण करें एवं बुद्धि का कनेक्शन उनके साथ जोड़कर अपने अंदर शक्तियां भरें। तत्पश्चात सेंटर पर आकर परमात्मा के महावाक्य श्रवण करें। अपने कार्य व्यवहार में रहते परमात्मा पिता की श्रीमत एवं मर्यादाओं का पालन करें। हर कार्य परमात्मा को साथ रखते हुए निमित्त भाव से करें। रात्रि को सारे दिन का समाचार परमात्मा को सच्चे दिल से सुनाकर मन को हल्का कर विश्राम करें। इसके बाद दीदी को चुनड़ी, फूलों के मुकुट एवं माला से सम्मानित किया गया। सविता बहन, रंजना बहन, कुंदन बहन, सोनिका बहन एवं पूजा बहन इसमें शामिल रहीं। कृष्ण भाई ने कार्यक्रम का संचालन किया। ओम प्रकाश भाई ने दीदी के सम्मान में सुंदर गीत द्वारा भावांजलि प्रकट की। कार्यक्रम में समस्तीपुर,रोसड़ा,पटोरी, दलसिंहसराय,पूसा, मोहिउद्दीननगर,ताजपुर सहित जिले के अनेक स्थानों से तीन सौ से अधिक भाई-बहन शामिल हुए। मुख्य रूप से रमेश चांदना,सतीश चांदना,निर्दोष जी, डॉ.पंकज कुमार,डॉ.उपेंद्र, डॉ.दशरथ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### अमृत भारत जंक्शन पर अवैध दुकानदारों पर आरपीएफ की कार्रवाई, 7 गिरफ्तार



**सहरसा संवादाता।** रेल परिक्षेत्र में अवैध दुकानदारों पर रेल प्रशासन द्वारा गुरुवार को बड़ी कार्रवाई हुई। आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर गुरुवार। को पूरे रेल परिक्षेत्र में स्पेशल अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत अनाधिकृत रूप से अवैध दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चालते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट रेल परिसर, प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य व पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। कुल 07 व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत कार्यवाही किया गया अभी यह कार्रवाई आगे जारी रहेगी। ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल सहरसा द्वारा रेल अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाते हुए अमृत भारत रेलवे स्टेशन सहरसा के मुख्य गेट, रेल परिसर, प्लेटफार्म आदि से कुल 06 व्यक्तियों को अनधिकृत रूप से ठेला-रेड़ी पर खाद्य/पेय पदार्थ बेचते हुए गिरफतार किया गया तथा रेलवे एक्ट की सुसंगत धरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में यार्ड में अनधिकृत प्रवेश में पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### सिरदला : मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी सिद्धेश्वर चौधरी के पुत्र 22 वर्षीय राजू कुमार के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 88/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। बताया जाता है कि गुरुवार को गोविंदपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए थे। सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में कराया गया था। इस मामले में गोविंदपुर गांव निवासी मुकेश कुमार, पिता रामानंद चौधरी ने 11 लोगों के विरुद्ध सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड के अनुसंधान के दौरान एसआई नागेंद्र पासवान ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू कुमार को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# चौथा दिन भी गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़

## सिलेंडर लेने के लिए 4 बजे सुबह से ही गोदाम में लगी भीड़, लोगो मे अफरा-तफरी

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर क्षेत्र में संचालित निशा भारत गैस ग्रामीण वितरक के गोदाम में चौथा दिन भी उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी गई जहां अफरा तफरी का माहौल भी देखा गया। वही सिलेंडर लेने आए लाभुकों ने गैस वितरण में मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि डोर-टू-डोर गैस आपूर्ति निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं की जा रही है, बल्कि एजेंसी अपनी सुविधा और मर्जी के अनुसार वितरण कर रही है। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**बुकिंग के बाद भी समय पर नहीं मिल रहा सिलेंडर:** कई उपभोक्ताओं के अनुसार, गैस बुकिंग कराने के कई दिन बाद भी सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचता। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी द्वारा कुछ चुनिंदा मोहल्लों में नियमित आपूर्ति की जाती है, जबकि अन्य क्षेत्रों के ग्राहकों को स्वयं एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर लाने के लिए कहा जाता है।

कई उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**पारदर्शिता पर उठ रहे सवाल:** उपभोक्ताओं का कहना है कि वितरण की कोई स्पष्ट समय-सारिणी सार्वजनिक नहीं की गई है। किस क्षेत्र में किस दिन आपूर्ति होगी, इसकी जानकारी पहले से नहीं दी जाती। इससे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रहती है। कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि एजेंसी कर्मियों का व्यवहार संतोषजनक नहीं है और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता।

**फोन करने पर नहीं मिलता स्पष्ट जवाब:** शिकायत या जानकारी के लिए एजेंसी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर या तो कॉल रिसीव नहीं किया जाता, या फिर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता। कई बार फोन स्विच ऑफ रहता है। इस रवैये से उपभोक्ताओं में नाराजगी और बढ़ गई है।

**प्रशासन से जांच की मांग:** सैकड़ो उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन एवं संबंधित गैस कंपनी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि डोर-टू-डोर आपूर्ति की सुविधा दी गई है तो आज लोग गोदाम में इतना भीड़ नही लगते, वितरण सही तरीके से पालन होना चाहिए। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही नियमित और पारदर्शी आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपेंगे और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी करेंगे। स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। वही गैस एजेंसी संचालिका निशा कुमारी ने बताया कि लोग अफवाह में पड़े हैं इसके चलते गोदाम में या ऑफिस में भीड़ लग रहे हैं लोगों द्वारा ऑनलाइन बुक करने के बाद कंपनी के वाहन द्वारा होम डिलीवरी किया जाता है लगभग डेढ़ 2 महीने से गैस सप्लाई कम थी अब नियमित रूप से गैस सिलेंडर आ रहे हैं, लाभको को कभी परेशानी नहीं होगी।

## रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिले में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से आम उपभोक्ताओं की परेशानी दूर करने के उद्देश्य से भाकपा माले ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया एवं रसोई गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने की मांग की।शुक्रवार को बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता शहर के सरकारी बस स्टैंड में इकट्ठा होकर भाकपा माले नगर कमिटी के झंडे, बैनर एवं मांगों से संबंधित नारे लिखे तख्तियां लेकर जुलूस निकाला। नारे लगाते जुलूस स्टेडियम गोलंबर,सर्किट हाउस,सदर अस्पताल,स्टेडियम मार्केट होते हुए समाहरणालय पहुंचकर सांकेतिक प्रदर्शन किया।मौके पर सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भाकपा माले के जयंत कुमार ने की। सभा को आइसा के दीपक यदुवंशी, राजू झा,इनौस के कुंदन कुमार, भाकपा माले के अनील चौधरी,उमेश राय, दीनबंधु प्रसाद,विजय कुमार राम,रामनारायण सिंह,रमेश कुमार महतो,विलबहार सहनी, पवन दास समेत अन्य कई वक्ताओं ने संबोधित किया। भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कई गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की आपूर्ति कम होने के कारण लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। इससे खासकर गृहिणियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों के उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के कई दिन बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है।ऑनलाइन बुकिंग नंबर कभी बंद रहता है तो कभी बुकिंग स्वीकृत बताने के बाद भी मैसेज नहीं आ पता है। ऑनलाइन बुकिंग नंबर भी बंद कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जबकि कई लोग मजबूर होकर महंगे दामों पर बाजार से गैस सिलेंडर खरीदने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि गैस नहीं मिलने से खाना बनाने में काफी दिक्कत हो रही है। कई परिवारों को फिर से लकड़ी या अन्य वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि ऊपर से आपूर्ति कम होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। जैसे ही पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध होंगे, उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जयंत कुमार ने प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देने और जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सामान्य कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

## घरेलू विवाद से तंग आकर 45 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड के लगमा गांव में बुधवार देर रात पारिवारिक कलह से व्यथित 45 वर्षीय धर्मवीर झा ने पलंग के सहारे गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या का पता चला। परिजनों ने गमछा चैनपुर चली गई थी। घटना वाली लंबी बहस हुई। खाना खाकर सोने के बाद धर्मवीर ने यह कदम उठा लिया। सूचना पर सोनवर्षा थानाध्यक्ष कर ली। गुरुवार सुबह पुत्र सत्यम संजय कुमार सत्यार्थी दल-बल के कुमार द्वारा चाय देने पर घटना साथ पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के खोलकर शव उतारा और पुलिस लिए सदर अस्पताल भेज दिया। को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के मृतक पीछे दो



पुत्रियां, एक पुत्र व अनुसार, मृतक का पत्नी शिल्पी वृद्ध माता-पिता छोड़ गए। परिजनों देवी से लगातार विवाद और मारपीट ने पिता के आवेदन पर यूडी केस होती थी। नौ माह पूर्व पत्नी ने पति दर्ज कराया। थानाध्यक्ष संजय कुमार व तीन बच्चों को छोड़कर मायके सत्यार्थी ने बताया, ₹प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह कारण लगता है, रात भी मोबाइल पर दोनों के बीच लेकिन सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

## घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** जिले के हसनपुर प्रखंड अंतर्गत मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) से उजाड़े गये 907 दलित परिवारों को पर्चा देकर बसाने सहित समस्तीपुर जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास,सरकारी जमीन पर बसे को पर्चा एवं पर्चाधारी को कब्जा दिलाने एवं दलितों-गरीबों के झोपड़ी पर बुलडोजर चलाने पर रोक लगाने की मांग को लेकर भाकपा माले कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष बृहस्पतिवार से शुरू अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन शुक्रवार को दूसरे दिन भी अनवरत जारी रहा। मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाकपा माले जिला सचिव प्रो. उमेश कुमार ने किया। संचालन खेग्रामस के जिला अध्यक्ष उपेंद्र राय ने किया। सभा को भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य जीबछ पासवान,ललन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह,दिनेश कुमार, महावीर पोद्दार,जिला कमिटी सदस्य जयंत कुमार,गंगा प्रसाद पासवान,अनील चौधरी,रंजीत कुमार राम,रौशन कुमार समेत आइसा नेता लोकेश राज, दीपक यदुवंशी,आइसा राज्य अध्यक्ष प्रीति राय पटेल, खेग्रामस के प्रभात रंजन गुप्ता, रमेश महतो,जीतेंद्र कुशवाहा, विनय पासवान,राहुल कुमार, अर्जुन दास,अमेरिका यादव, अर्जुन कुमार,रामबाबू सदा, कमली देवी,शांति देवी,आशा देवी,सुदामा देवी,मो.आले,मुन्ना दास,युगेश्वर सहनी,नेपल सहनी, मनर दास,बैजनाथ सदा, दिलबहार सहनी,पाचू राम आदि ने संबोधित किया। बतौर मुख्य वक्ता भाकपा माले के पूर्व विधायक सह खेग्रामस के राज्य अध्यक्ष मनोज मंजिल ने कहा कि हमलोग सरकार से कुछ नहीं मांगते,सरकार हमारे लिए वासभूमि-आवास,रोजगार, शिक्षा,चिकित्सा की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि हसनपुर के मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) में 1992 से करीब एक हजार परिवार केशरेहिंद सरकारी जमीन पर बसे हुए थे। इन परिवारों का नाम वोटरलिस्ट में था। इन्हें राशनकार्ड,बिजली, पानी आदि तमाम सरकारी सुविधा प्राप्त था। साज़िश के तहत इन्हें पुलिस एवं सामंती गुंडा गठजोड़ उजाड़ दिया। जिले के अन्य प्रखंडों में सरकारी जमीन पर बसे दलितों-गरीबों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। भूमिहीनों को वास भूमि एवं आवास देने के सरकारी प्रावधान के बाबजूद उन्हें न वास भूमि दिया जा रहा है और न ही आवास दिया जा रहा है। सरकारी जमीन पर पुस्तैनी बसे परिवारों को पर्चा तक नहीं दिया जा रहा है। इससे उनके आवास योजना का राशि लौट रहा है। उन्होंने कहा कि सुंदरैयानगर के उजाड़े गये 907 परिवारों को पर्चा देकर बसाने, जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि-आवास एवं सरकारी जमीन पर बसे परिवारों को पर्चा देने का प्रशासन द्वारा आश्वासन दिए जाने तक अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन एवं सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सत्ताधारी दलों के नेता अपनी बात रखने के लिए दो-दो सौ लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करते हैं लेकिन दलितों-गरीबों को अपनी बात-अपनी समस्या रखने के लिए समस्तीपुर धरना स्थल पर एक लाउडस्पीकर का अनुमति तक नहीं दिया जाता है। यह लोकतंत्र की हत्या है। सभा को संबोधित करते हुए छात्र संगठन आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि अत्याचार अधिकार नहीं है। यूजीसी समानता की लड़ाई है और इसे आइसा मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

## पूर्व अंतर्राष्ट्रीय प्रशासिका दादी गुलज़ार जी की पांचवीं पुण्यतिथि दिव्यता दिवस के रूप में आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन में - गुरुवार को संस्थान की पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मुख्य - प्रशासिका दादी गुलजार जी की पांचवीं पुण्यतिथि - दिव्यता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय - सेवा केन्द्र प्रभारी स्नेहा बहन ने कहा कि दादी - गुलजार जी का जीवन ज्ञान, गुणों और शक्तियों - से गुलजार था। उनके मुखमंडल पर पवित्रता की - आभा, नयनों में रूहानी नूर, होठों पर शांति से भरी - मुस्कान, आध्यात्मिकता से ओत प्रोत विराट - व्यक्तित्व उनसे मिलने वालों को उनके द्वारा एक - दिव्यता संपन्न महान विभूति का दर्शन कराता था। इस महान विभूति ने बाल्यकाल में ही अपना संपूर्ण - जीवन परमात्मा के निर्देशानुसार विश्व कल्याण के कार्य में समर्पित कर दिया। आपने अल्पायु में ही - परमात्मा को सत्य स्वरूप में पहचान कर उनके द्वारा शुरू किए गए स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन की मुहिम में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आपने अपने जीवन की उच्च धारणाओं शांति, पवित्रता, प्रेम, सादगी, सरलता, सहनशीलता, उच्च कोटि की एकाग्रता, निःस्वार्थ सेवाभाव के द्वारा विश्व के अनेकानेक देशों की आत्माओं पर एक अमिट छाप छोड़ने की सेवा की। आपने अपने आदर्श और प्रेरणास्पद जीवन द्वारा लाखों आत्माओं को जीवन जीने की सही राह दिखाई।दादी जी के नेतृत्व में उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हजारों ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में आहूत कर दिया। दादी जी की अमृतवाणी सुनकर सभी का हृदय निर्मल हो जाता, मन को सच्ची शांति का स्पर्श मिलता और जीवन को सदूणों से सजाकर विश्व कल्याण के लिए कुछ करने की भावनाएँ हिलोरे लेने लगती। उनकी जीवन की पवित्रता ऐसी थी कि स्वयं भगवान भी उनका गुणगान किया करते। उनके विराट व्यक्तित्व के आगे बड़े-बड़े धर्माचार्य, राजनेता एवं बुद्धिजीवी स्वतः नतमस्तक हो जाते। उनके मुख से जो शब्द निकलते, उनकी धारणा पहले से ही उनके जीवन में होती थी। आज वो नहीं हैं लेकिन उनकी शिक्षायें संस्थान के लाखों भाई बहनों का मार्गदर्शन कर रही हैं। इस मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयप्रकाश भाई, शत्रुघ्न भाई, मनोज भाई, सदानंद भाई, राकेश भाई, विशाल भाई, सुरेश भाई सहित सैकड़ों भाई बहन शामिल थे।

## दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** मेरा युवा भारत समस्तीपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में स्पोर्ट्स क्लब मालदह,मौजी के अध्यक्ष रूपेश कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया।प्रतियोगिताओं में कबड्डी, वॉलीबॉल,शॉट पुट,लंबी कूद एवं दौड़ का आयोजन कराया गया सभी खेलो मे बालक एवं बालिका वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। फाइनल प्रतिभागी विजेता टीम एवं सभी अव्वल आने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा मेडल कप से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे रामनारायण मंडल,सुरेन्द्र गुप्ता, आशीष कुमार मुन्ना,बबलू कुमार (भारतीय जवान) उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में बैजनाथ कुमार शिक्षक,उमेश कुमार शिक्षक, सनी कुमार शिक्षक,फूलों कुमार शिक्षक,राजीव कुमार,सुरेंद्र कुमार शिक्षक कुमार,प्रणव कुमार,मनोरंजन कुमार शिक्षक, विकास सिंह,संजीत कुमार, भावेश कुमार,संजय कुमार एवं पंकज कुमार (भारतीय रिजर्व पुलिस) उपस्थित थे। वहीं मंच पर उपस्थित अतिथियों को माला एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में सीहमा की टीम विजेता रही जबकि मौजी की टीम उपविजेता रही बालक वर्ग में मालदा विजेता मौजी उपविजेता वॉलीबॉल बालक वर्ग में मौजी विजेता एवं मालदह उप विजेता रहा। लंबी कूद बालिका वर्ग में स्वाति ने प्रथम स्थान सोनाक्षी द्वितीय कीमती तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि बालक वर्ग में पिंटू कुमार प्रथम,विकास द्वितीय,मनीष तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट बालिका वर्ग में स्वाति प्रथम कीमती द्वितीय प्रियांशु भारती तृतीय स्थान प्राप्त की। जबकि बालक वर्ग में बी कुमार प्रथम रोहित कुमार द्वितीय संजीव कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में स्वामी प्रथम अंजू द्वितीय कीमती तृतीय स्थान प्राप्त की जबकि बालक वर्ग में सत्यम प्रथम मोहम्मद सोहराज द्वितीय प्रशांत तृतीय स्थान प्राप्त किया 200 मीटर दौड़ में पिंटू प्रथम अमन द्वितीय आदित्य तीसरा स्थान प्राप्त किया सभी खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल से प्रोत्साहित किया गया। रेफरी के रूप मे शत्रुघ्न और पंकज थे। मौके पर स्पोर्ट्स क्लब के सचिव राजा बाबू,हीरा कुमार,अजय माही,रामबाबू, संतोष,अंकुश,रामकुमार, मनीष,प्रिंस,सोनू,जेपी युवा एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## डीआरएम नें यात्री सुविधा बढ़ाने को लेकर किया अमृत भारत जंक्शन का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** अमृत भारत स्टेशन सहरसा जंक्शन पर यात्री सुविधा बढ़ाने को लेकर रेलवे की बड़ी तैयारी तेज कर दें गई है। इसी क्रम में समस्तीपुर मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा पात्री सुविधાગંભશન पहुंचे। जहां उन्होंने प्लेटफार्म, सकुलिंटिंग एरिया, रिटायरिंग रूम, शौचालय, साफ सफाई, साफ सफाई, परिचालन व्यनाथ का जायजा लिया। नही करीब ढाई घंटे तक रत्रि में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन भवन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीआरएम श्री मिश्र ने कहा कि सहरसा जंक्शन प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के एंडंग के लेबल क्रॉसिंग के पास बड़ा पात्री जन सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि जल्द ही इस प्रस्ताव को पस कर इसका निर्मांग कराया जाएगा। बुधवार देर रत डीआरएम ने जन सुविधा केंद्र का निरीक्षण किय। उन्होंने कहा कि 'लेटफार्म नंबर 2 और 3 के पास लेवल क्रॉसिंग जो की मार्केट एरिया से भी जुड़ा हुआ है। यह काफी भीड़ लगी रहती है। यहां जो टॉयलेट है। भंड़ के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। यहां पर बड़ा सुविधा केंद्र बनेगा। इसमें टॉयलेट और शौचालय की सभी व्यवस्थाएं होंगी ताकि रेलवे क्रॉसिंग के आसपास कई अन्य व्यक्ति गंदगी नहीं फैलाएं। यह जनसुविधा केंद्र पे एंड पूरा होगा ताकि इसका बेहतर मेंटेनेस हो सकोडीआरएम ने कहा कि अब सहरसा जंक्शन की 24 घंटे साफ सफाई होगी। बुधवार को डीआरएम ने साफ सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण केया हालांकि निरीक्षण में उन्होंने जंक्शन की सफाई व्यवस्था बेहतर बताय। इस दौरान सर्भ सफाई



कर्मचारी सहेत संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहरसा जंक्शन अब मेजर स्टेशन हो चुका है। यहां 24 घंटे साफ सफाई व्यवस्था होर्न चाहिए। डीआरएम ने बुधवार रात्रि अमृत भारत ने स्टेशन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन भवन का कभी भी उद्‌घाटन है स्कता है हालांकि भवन पहले ही तैयार हो चुका है। वहीं नए भवन के बाहरी हिस्से में धूल की परत जम गई है। अब उद्‌घाटन का समय नजदीक आ गया है ऐसे में एक बार फिर से इसकी पूरी सफाई होनी चाहिए ताकि भवन का लुक नय लगे। ट्रेनों में एसी कोच में बेडरोल व्यवस्था पर डीआरएम ने नाराजगी व्यक्ति को। डीआरएम ने कहा कि बेहरौल की साफ सफाई और भी बेहतर होनी चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को इस व्यवस्था मे तुरंत सुधार के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सहरसा जंक्शन पर जो रिटर्निंग रूम है। उसे पहले से बेहतर बनाया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि डिवीजन के अंतर्गत लिन स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम है। उसे आधुनिक सुविधा से लैस किया जाएगा। इस दौरन उन्होंने सहरसा जंक्शन पर रिटयरिंग रूमका भी निरीक्षण किया। साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया के पास कई सामाजिक संस्था यात्रियों के बीच खानपान की व्यवस्था करतो है। डीआरएम ने कहा कि सामाजिक संस्थान द्वरा यह कार्य काफी सरहनीय है। लेकिन खान-पान के बाद गंदगी को वहीं रेल परिक्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओ से अपील किया कि खानपान की व्यवस्था के बात रेल परिक्षेत्र के साफ सफाई भी रखें इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन भवन का भो निरीक्षण केया नेरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक सुभाष चंद्रझा आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यदव की कमर्शियल इंस्पेक्टर संजय कुमार सो एच आई चंदन चौहान महित संबंधित विभाग के सभी अधिकारी मौजूद थे।

## झंडापुर शेख टोला में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, देखने को मिला हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/नवगछिया।** प्रखंड क्षेत्र के झंडापुर स्थित शेख टोला में युवाओं की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शेख टोला के युवाओं द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इफ्तार के इस आयोजन में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली, जहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ शामिल होकर रोजेदारों के साथ इफ्तार किया।कार्यक्रम के दौरान झंडापुर सुन्नी जामा मस्जिद शेख टोला के इमाम मोहम्मद राकिम रजा ने रमजान के महीने की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना इबादत, सब्र, त्याग और जरूरतमंदों की मदद का पैगाम देता



है। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को आत्मसंयम और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है।इस मौके पर समाजसेवी ललन यादव ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि झंडापुर शेख टोला में आयोजित यह दावत-ए-इफ्तार हिंदू-मुस्लिम एकता की एक खूबसूरत मिसाल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का काम करते हैं।इस अवसर पर इमाम मोहम्मद राकिम रजा, रोहित आनंद शुक्ला, मोहम्मद इबरार आलम, पंचायत समिति प्रतिनिधि गुफरान रजा, नवगछिया पुलिस जिला के अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शेख हस्बुल, जैनुल अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इरफान आलम, मोहम्मद मुख्तार, वार्ड प्रतिनिधि मोहम्मद इम्तेसार उर्फ फूलों, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद जहांगीर आलम, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद जीशान, मंटू मंडल, ललित यादव, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद इस्तखार, मोहम्मद रियाज, सरपंच कैलाश यादव, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद इलियास सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायत्री जयघोष से गूंजा कोचस, कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। प्रखंड क्षेत्र के गंगवलिया बन स्थित गायत्री चेतना विस्तार केंद्र में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ सह वार्षिकोत्सव समारोह की शुरुआत हो गई। यह महायज्ञ 13 मार्च से 17 मार्च 2026 तक आयोजित होगा। शुक्रवार को निकाली गई कलश यात्रा में प्रखंड क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर जल भरकर यज्ञ स्थल तक पहुंचे। हाथी-घोड़े और गाजे-बाजे के साथ निकली इस भव्य यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के गायत्री जयघोष से पूरा कोचस गूंज उठा। तपती धूप के बावजूद श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल रहे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालु जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। यज्ञ स्थल पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन ध्यान, प्रज्ञायोग, देव पूजन और गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### सासाराम शहर के गैस एजेंसियों पर चोरों की चाँदी, होने लगी सिलेंडर की चोरी

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। स्थानीय शहर के गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस उपभोक्ताओं की भारी भीड़। कई उपभोक्ता बिना गैस सिलिंडर लिए बैरंग वापस। एजेंसियों पर चोरों की चाँदी। होने लगी सिलिंडरों की चोरी। नोखा थानाक्षेत्र के नावाडीह निवासी सुधीर कुमार पाण्डेय अपना खाली सिलिंडर लेकर सासाराम शहर के फजलगंज के सर्वेश्वरी इण्डेन कार्यालय पर भरा सिलिंडर लेने आये थे। पर्ची कटाने के दौरान उनका खाली सिलिंडर गायब कर दिया गया। इस संदर्भ में पीड़ित सुधीर कुमार पाण्डेय ने सर्वेश्वरी इण्डेन के कर्मियों पर सिलिंडर चोरी कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने सीसीटीवी की सहायता से चोरी गये सिलिंडर का पता लगाने हेतु गुहार लगायी है। अभी तक सीसीटीवी खोला नहीं गया और न ही पीड़ित की गुहार को गंभीरता से लिया गया। पीड़ित ने जिला प्रशासन से गुहार लगायी है,ताकि सीसीटीवी के जरिये उनके सिलिंडर के चोरों तक पहुँचा जा सके।

### गोपल नारायण विश्वविद्यालय के लॉ छात्रा ने सगाई के 15 दिन बाद हॉस्टल में फांसी लगाकर की खुदकुशी

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। खबर रोहतास जिला के डेहरी प्रखंड अन्तर्गत जमुहार के गोपल नारायण विश्वविद्यालय के छात्रा की आत्म हत्या से जुड़ी है।सगाई के 15 दिन बाद लॉ छात्रा ने हॉस्टल में लगाई फांसी, सुसाइड नोट में शादी का दबाव होने का जिक्र रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित नारायण लॉ कॉलेज के हॉस्टल में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद पूरे विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान प्रियंका सिंह के रूप में हुई है, जो कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र के बैरी गांव की रहने वाली थी। बताया जाता है कि बीते 25 फरवरी को ही उसकी सगाई शिवसागर थाना क्षेत्र के नींव गांव के रहने वाले एक युवक से हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें परिजनों के दबाव में शादी की बात लिखी गई है। उक्त पत्र को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां मेडिकल टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस संबंध में एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

### एक पियक्कड़ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड चार से स्थानीय पुलिस ने शराब के नशे में एक पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पियक्कड़ नगर के वार्ड चार का निवासी अजित विश्वकर्मा बताया जाता हैं। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि शराब के नशे में एक पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया है। जिसका मेडिकल जांच कराने के उपरांत शराब पीने की पुष्टि होते ही जेल भेज दिया गया।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाला अतिमी गांव से स्थानीय पुलिस ने मारपीट के मामले में दो आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में लाला अतिमी गांव निवासी मुराहु मुसहर और जीतन मुसहर बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में दो आरोपियों को लाला अतिमी गाँव से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं। जिसका कांड संख्या 80/26 हैं।

### काराकाट में दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक-युवती बाल-बाल बचे, घड़रोज और गिट्टी बिखरी बनी कारण

लोकतंत्र की आवाज

काराकाट । थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एनएच-120ए पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक और एक युवती बाल-बाल बच गए। दोनों घटनाओं में सड़क पर घड़रोज और गिट्टी बिखरे होने की वजह से बाइक स्लिप हो गईं, जिससे घायलों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए गोडारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। पहली घटना मोथा पेट्रोल पंप के समीप बिक्रमगंज-नासरीगंज मार्ग पर हुई। गोडारी की ओर जा रहे अमराई विहिया निवासी राजेंद्र चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र मुन्ना चौधरी की बाइक पर अचानक मुख्य सड़क पर घड़रोज आ गया। इससे बाइक स्लिप हो गई और मुन्ना सड़क से दूर फेंक दिए गए। उन्हें दाएं हाथ में गंभीर चोट के साथ छाती के दाएं हिस्से में भी भारी चोट लगी है। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दूसरी घटना गोडारी मुख्य सड़क के बीच बाजार में घटी। ग्रामीण बैंक से लौट रही एक युवती रिमझिम कुमारी और उसके भाई प्रियांशु कुमार की बाइक सड़क के आधे भाग पर बिखरी गिट्टी से फिसल गई। प्रियांशु को हल्की चोटें आईं, लेकिन रिमझिम को गिट्टी की ओर फेंके जाने से सिर में चोट लग गई। प्रियांशु ने बताया, ₹सड़क के बीच में गिट्टी बिखरी हुई थी, जो प्रशासन की लापरवाही है। इसी से हमारा एक्सीडेंट हुआ और बहन को चोट आई।₹दोनों हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल गोडारी पीएचसी ले जाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और खतरे से बाहर बताया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है। इन घटनाओं ने एनएच-120ए पर सड़क रखरखाव में नगर पंचायत काराकाट की कमी को उजागर किया है, जहां निर्माण सामग्री बिखरे होने से राहगीरों का जान का खतरा बना हुआ है। बताते चलें कि गोडारी मुख्य बाजार नगर पंचायत काराकाट के अंतर्गत आता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर नियमित रखरखाव न होने से गिट्टी बिखरी रहती है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। एक ग्रामीण ने कहा, ₹नगर पंचायत को सड़क साफ-सफाई और मरम्मत का ध्यान रखना चाहिए। ऐसी लापरवाही से बड़े हादसे हो सकते हैं।₹ पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है।

### बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार द्वारा जनता दरबार का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

बिक्रमगंज। अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को एसडीएम प्रभात कुमार द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया । इस मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे । जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था । जनता दरबार में कुल 94 शिकायतें दर्ज की गई । इसमें भूमि विवाद से संबंधित 8 मामले,राशनकार्ड से जुड़ी 71 शिकायतें और अन्य 15 विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल थीं । फरियादियों ने अपने मुद्दों को खुलकर रखा और एसडीएम ने सभी की बात ध्यानपूर्वक सुनी । एसडीएम प्रभात कुमार ने शिकायतों के गंभीरता के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए । उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इस अवसर पर उपस्थित लोग प्रशासनिक व्यवस्था और लोगों की सुनवाई की प्रक्रिया से संतुष्ट दिखे । जनता दरबार ने यह साबित किया कि सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना और उनके मुद्दों को तुरंत हल करना प्रशासन की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है ।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण निर्धारित समयसीमा में किया जाएगा और जनता को उनके समाधान की जानकारी समय-समय पर दी जाएगी ।

# रोहतास में रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध : जिला पदाधिकारी

**गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने की है विशेष तैयारी**

लोकतंत्र की आवाज





**सासाराम।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में रोहतास जिला प्रशासन द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की निर्बाध आपूर्ति और उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता कर जिले में गैस की उपलब्धता पर विशेष जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि रोहतास में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, अतः आम उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की घबराहट या ईंधन संकट की आशंका पालने की कतई आवश्यकता नहीं है।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पेट्रोलियम एजेंसियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले की आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सक्रिय है और मांग के अनुरूप सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे गैस एजेंसियों या वितरण केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और न ही किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों अथवा अफवाहों पर ध्यान दें।

जिला प्रशासन उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु पूरी तरह सजग है और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध उपलब्धता की निरंतर निगरानी की जा रही है। गैस वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और न्यायसंगत बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था की जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारी ने बताया कि अब कोई भी घरेलू उपभोक्ता अपने पिछले गैस सिलेंडर की डिलीवरी प्राप्त होने के कम से कम 25 दिनों के अंतराल के बाद ही अगले सिलेंडर की बुकिंग करने के लिए पात्र होगा।

इस अनिवार्य समयावधि का निर्धारण मुख्य रूप से गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए किया गया है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक ईंधन की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और भीड़ के कारण उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी की व्यवस्था की है।। निगरानी दल में मार्केटिंग ऑफिसर को प्रखंडवार प्रतिनियुक्त कर उन्हें छापेमारी और औचक निरीक्षण के लिए अधिकृत किया गया है।

विशेष दल निरंतर निगरानी रखेंगी ताकि कोई भी वितरक कृत्रिम अभाव पैदा न कर सके। यदि कोई भी एजेंसी या व्यक्ति जमाखोरी या कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध 'आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955' के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य हर नागरिक को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से रसोई गैस उपलब्ध कराना है।

जिला पदाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली और वितरण नेटवर्क की स्वयं भी सघन निगरानी करें। यदि कोई वितरक कृत्रिम अभाव पैदा करने या कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करें।

घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित शिकायतों के निवारण एवं सिलेंडर की जमाखोरी की रोकथाम हेतु धावा दल का गठन किया गया है। घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित मामलों के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर हेल्पलाईन/जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या 06184-226072 / 06184-226093) क्रियाशील है। कोई भी उपभोक्ता या आम जनता इस संबंध में सूचना, शिकायत या जानकारी इस हेल्पलाईन नम्बर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सूचनाओं, शिकायतों एवं सुझावों को विहित प्रपत्र में पंजी में संधारित किया जा रहा है। इन पर विधिवत कार्रवाई हेतु जिला नियंत्रण कक्ष में पालीवार पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तैनात किया गया है। अंत में, जिलाधिकारी ने पुनः दोहराया कि प्रशासन का मुख्य ध्येय प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से रसोई गैस उपलब्ध कराना है, इसमें जनसहयोग और धैर्य की महती आवश्यकता है।

## 15 मार्च को व्यवहार न्यायालयों में परिचारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक जांच परिक्षा होगी आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** दिनांक 15 मार्च 2026 को बिहार के व्यवहार न्यायालयों में परिचारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक जांच परीक्षा आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर आज जिला पदाधिकारी, रोहतास श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में रोहतास समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में प्रतिनियुक्त स्टैटिक दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक, रोहतास श्री रौशन कुमार, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा संचालन से संबंधित सभी बिंदुओं पर प्वाइंट वाइज़ विस्तार से चर्चा की गई तथा परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। ब्रीफिंग में जानकारी दी गई कि परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 04:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय प्रथम पाली के लिए प्रातः 08:30 बजे से 09:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली के लिए 12:30 बजे से 01:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बाद प्रथम पाली के लिए 09:30 बजे के बाद तथा द्वितीय पाली के लिए 01:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

जिले में इस परीक्षा के लिए सासाराम एवं डेहरी अनुमंडल में कुल 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 24372 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय दो पासपोर्ट साइज फोटो, वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) के साथ-साथ पहचान पत्र की सेल्फ अटेस्टेड प्रति लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों पर स्मार्ट घड़ी, मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

ब्रीफिंग में निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक परीक्षार्थी के बीच कम-से-कम तीन फीट की दूरी बनाए रखते हुए बैठने की व्यवस्था की जाए। संबंधित थाना को भी आवश्यक सूचना देने का निर्देश दिया गया है, ताकि परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में अतिरिक्त जेनरेटर की व्यवस्था रखने तथा आवश्यकतानुसार एक इलेक्ट्रिशियन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रारंभिक जांच परीक्षा कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय, रोहतास परिसर में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष नम्बर 06184226093 / 06184226072 है। नियंत्रण कक्ष में पालीवार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## कोचस बाजार में नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा, बिना लाइसेंस सड़क पर दौड़ रहे टोटो से बढ़ा खतरा

लोकतंत्र की आवाज



**कोचस।** नगर क्षेत्र के कोचस बाजार में इन दिनों नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा (टोटो) चलाने का मामला तेजी से सामने आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि कई लड़कों की उम्र महज 14-15 वर्ष बताई जा रही है, फिर भी वे बिना किसी वैध ड्राइविंग लाइसेंस के सड़कों पर ई-रिक्शा दौड़ा रहे हैं। इससे बाजार क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है और लोगों में चिंता का माहौल है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार की सड़कों पर कई नाबालिग चालक यात्रियों को बैठाकर टोटो चलाते दिखाई देते हैं। कम उम्र होने के कारण उन्हें यातायात नियमों की पूरी जानकारी नहीं होती, जिससे सड़क सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। भीड़भाड़ वाले बाजार और संकरी गलियों में ऐसे चालकों द्वारा वाहन चलाने से कभी भी हादसा हो सकता है। जानकारों का कहना है कि मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार ई-रिक्शा चलाने के लिए निर्धारित उम्र पूरी होना और वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए नाबालिगों को टोटो चलाने दिया जा रहा है। इस पर प्रशासन की निगरानी नहीं होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और यातायात विभाग से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चलाकर बिना लाइसेंस और नाबालिग चालकों पर रोक लगाई जाए। साथ ही टोटो मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए, जो कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने के लिए दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते इस पर सख्ती नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। इसलिए प्रशासन को इस मामले में जल्द कदम उठाने की जरूरत है।

## डीएम ने गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों व एसडीएम के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** शुक्रवार को समाहरणालय, रोहतास स्थित जिला पदाधिकारी कक्ष में जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में जिले के सभी घरेलू गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों, सप्लाई ऑफिसर एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान विभिन्न गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी गई कि रोहतास जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा बॉटलिंग प्लांट से नियमित रूप से आपूर्ति भी जारी है।

बताया गया कि एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग उपभोक्ता अपने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन या संबंधित गैस एजेंसी पर जाकर करा सकते हैं। बुकिंग के उपरांत प्राप्त ओटीपी के आधार पर उपभोक्ता एलपीजी गैस सिलेंडर का उठाव कर सकते हैं। उपलब्ध स्टॉक एवं बॉटलिंग प्लांट से मिल रही आपूर्ति के आधार पर जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारी निरंतर उठाव एवं वितरण की निगरानी सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा पूरे मामले पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा उपभोक्ताओं को नियमित और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आम जनता से अपील की गई है कि एलपीजी गैस की कमी से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर की बुकिंग या भंडारण से बचें। घरेलू एलपीजी गैस से संबंधित मामलों के अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन/जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या 06184-226072 एवं 06184-226093) क्रियाशील है। कोई भी उपभोक्ता या आम नागरिक इस संबंध में सूचना, शिकायत अथवा जानकारी सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक इन नंबरों पर दे सकते हैं, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## अनुमंडल कार्यालय परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** बिहार सरकार द्वारा अग्नि आपदा से बचाव को लेकर चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) प्रभात कुमार ने की । इस दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के तरीकों का जीवंत प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया ।मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन टीम ने काल्पनिक आगजनी की स्थिति उत्पन्न कर यह दिखाया कि आग लगने पर किस तरह त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे फैलने से रोका जाता है । साथ ही आग बुझाने वाले उपकरणों के सही उपयोग,लोगों को सुरक्षित स्थान तक निकालने की प्रक्रिया तथा आपदा के समय संयम बनाए रखने के तरीकों की भी जानकारी दी गई । ड्रिल को देखने के लिए अनुमंडल कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।इस अवसर पर एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि अग्नि दुर्घटनाएं अक्सर छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण बड़ी आपदा का रूप ले लेती हैं ।उन्होंने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल का उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना और आपात स्थिति में सही तरीके से कार्रवाई करना सिखाना है। उन्होंने कहा कि समय पर सही कदम उठाकर बड़े नुकसान को रोका जा सकता है । वहीं अनुमंडलीय अग्निशमन अधिकारी अवध कुमार दास ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए इस समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है । उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए,किस प्रकार अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है और किस तरह कम समय में आग पर काबू पाया जा सकता है । उन्होंने लोगों से अपील की कि बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करें,गैस सिलेंडर व ज्वलनशील पदार्थो के प्रति सावधानी बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें । कार्यक्रम के दौरान भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार समेत अनुमंडल मुख्यालय के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे । वहीं अग्निशमन विभाग से अजय कुमार सिंह,राजीव कुमार,कृष्णा कुमार,सुधीर कुमार,जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार देव,चंद्रदेव कुमार, संजय कुमार,प्रियंका कुमारी, आशालता कुमारी,निधि कुमारी सहित कई कर्मी उपस्थित रहे ।

## कल सवर्ण समाज निकलेगा चेतना रैली

लोकतंत्र की आवाज



**वरिष्ठ संवाददाता रजनी कान्त पाण्डेय**

**डेहरी आन सोन।** 15 मार्च दिन रविवार को यूजीसी क़ानून के खिलाफत मे सवर्ण समाज जन चेतना रैली नकालेगा इसकी जानकारी मोर्चा के अध्यक्ष ने दिया, ज्ञात हो की 11 मार्च दिन बुधवार को शहर के नील कोठी मुहल्ला स्थित चन्द्र वाटिका के सभागार मे राष्ट्रीय स्वर्ण कल्याण मोर्चा की एक अहम बैठक अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता मे हुई, इस बैठक में अपने बातो को रखते हुये अध्यक्ष ने बताया की हम भारत सरकार द्वारा बनाये गये यूजीसी क़ानून जो की हम पुरे देश में करीब 15 प्रतिशत लोगों के विरुद्ध जान पड़ता है उसकी पुरी खिलाफत करते है और इसके लिए हम भारत सरकार जिसमे विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व धर्मेंद्र प्रधान जोकि अपने राजनितिक लाभके लिए हमारे भविष्य युवा पीढ़ी को लगभग गुनहगार बनाने के मक्शद से ऐसे काले क़ानून हमपर युही थोप देना चाहते चाहते है है तो हम उन्हें अपने मोर्चा के माध्यम से यह खुला चेतावनी

देना चाहते है की हम ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे और उनका पुरजोर विरोध करेंगे और यह विरोध तब-तक जारी रहेगा जब-तक ऐसे क़ानून रद्द नही हो जाते है, आगे उन्होंने बताया की आगामी 15 मार्च दिन रविवार को अपने बैनर तले हम पुरे शहर मे जन चेतना रैली निकालेंगे और सरकार को मजबूर करेंगे की वे अपने क़ानून को वापस ले, मोर्चा के राजन राज व मनीषा दुबे ने भी अपने विचार

को रखते हुये कहा की वे किसी भी सही क़ानून के खिलाफ नहीं है पर वैसे क़ानून का विरोध करते है जो युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकारमय बना देने को सशंकित करती हो और वे किसी भी हाल में ऐसा नही होने देंगे ।इस बैठक में शामिल लोगों ने संपर्क अभियान चलने प्रचार प्रसार पर जोड़ देने का निर्णय लिया ।इस बैठक में मुख्य रूप से ब्रह्ममेश्वर नाथ उर्फ काली बाबू, मोनू पाण्डेय, , सम्राट सिंह उर्फ सोनू, राजेश पाण्डेय, पंकज ओझा, अनिल मिश्रा के साथ अन्य मौजूद थे।

## तेज रफ्तार कार पलटी चालक को लगी चोट

लोकतंत्र की आवाज

**रोहतास।** रोहतास प्रखंड के बकनौरा स्थित एनएच-119 मुख्य सड़क पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार रोहतास से बंजारी की ओर जा रही कार के सामने अचानक एक बकरी आ जाने से चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया।इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ी में जाकर पूरी तरह पलट गई।बताया जाता है कि कार में केवल चालक ही सवार था। दुर्घटना में चालक को अंदरूनी चोटें आईं, हालांकि वह किसी तरह कार से बाहर निकलकर वहां से चला गया।घटना स्थल बकनौरा स्थित मुरली माइंस के पास बताया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त कार का नंबर JH01DZ4896 है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार और अचानक सामने आए बकरी के कारण यह दुर्घटना हुई। फिलहाल कार सड़क किनारे झाड़ी में पलटी हुई मिली।

## गैस सिलेंडर की किल्लत की अफवाहों को ले एजेंसी पर सुबह से लग रही भीड़

लोकतंत्र की आवाज



**नासरीगंज।** प्रखण्ड व नगर में गैस सिलेंडर की किल्लत की अफवाहों को ले गैस एजेंसी पर सुबह से ही लोगो की भीड़ लगनी शुरू हो जा रही हैं। प्रखण्ड व नगर के विभिन्न गैस एजेंसियों के गोदामों पर पिछले कई दिनों से उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गैस नहीं मिलने की खबर और तरह-तरह की अफवाहों के कारण लोग सुबह सात व आठ बजे से ही खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों के बाहर पहुंच जा रहे हैं। इससे एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है।

उपभोक्ता मीना देवी, मोनू ताज, सूरज, चंपा, बजरंगी भगत, राहुल कुमार, शोभा देवी, मनोज कुमार, प्रिंस कुमार ने बताया कि गैस की किल्लत कि अफवाह के कारण बाजार में कुछ लोग अधिक कीमत लेकर गैस सिलेंडर बेच रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ता और परेशान हो रहे हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी में भी उतर आए हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के कारण महंगे दामो पर गैस सिलेंडर मिल रहा हैं। सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों से और बढ़ी भीड़ लाइन में लगे कई उपभोक्ताओं ने बताया कि सोशल मीडिया और लोगों के बीच यह अफवाह फैल गई है कि जल्द ही गैस और पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक सकती है। इसी डर से लोग जल्दी-जल्दी गैस भरवाने के लिए एजेंसियों की ओर दौड़ रहे हैं। सुबह से ही एजेंसी के बाहर भीड़ जुटने लगती है और जैसे-जैसे समय बढ़ता है, कतारें और लंबी होती जाती हैं। चार-पांच घंटे तक लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता हैं। इससे एजेंसी परिसर के आसपास अव्यवस्था की स्थिति भी बन जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय पर सही जानकारी दी जाए तो अनावश्यक भीड़ और अफवाहों पर रोक लग सकती है। बाजर में गैस सिलेंडर ब्लैक में 1500 से 2000 में बिक रहा हैं जिसपर अधिकारियों को संज्ञान लेना चाहिए। नगर के बड़ी बाजार स्थित रूपेश इण्डेन के संचालक अजय कुमार ने बताया कि एजेंसी के 20 हजार उपभोक्ता हैं।

सर्वर खराब रहने के कारण उपभोक्ताओं को ओटीपी मिलने में परेशानी हो रही हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिलने दिक्कत हो रही हैं। उन्होंने बताया कि गैस की आवक कम हुई है, पर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। गैस की कोई किल्लत नही हैं। लोग अफवाहों से बचे। गैस एजेंसी सप्लाई में थोड़ी कमी जरूर है, लेकिन सिलेंडरों की पूरी तरह कमी नहीं है। अफवाहों के कारण लोग जरूरत से ज्यादा गैस भरवाने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर गैस खत्म होने की बात फैलने से लोगों में भय का माहौल बन गया है। जबकि एजेंसी के पास नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध हैं और बुकिंग के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अनावश्यक भीड़ न लगाएं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत बुकिंग कर गैस प्राप्त करें। सरकारी नियमों के अनुसार एक सिलेंडर रिफिल के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग पर ओटीपी जारी किया जाता है। ओटीपी मिलने के बाद तुरंत ही गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को दिया जाता हैं। इसलिए उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। ब्लैक में सिलेंडर बेचने वालों की शिकायत करने पर उन दुकानदारों पर कार्रवाई निश्चित होगी। बीडीओ मोहम्मद नौशाद आलम सिद्दीकी ने बताया कि नासरीगंज में गैस की कोई किल्लत नही हैं। गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। लोगों को अफवाहों से दूर रहने की जरूरत हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नगर निगम चुनाव के बाद महापौर व पार्षदों ने लिए शपथ




**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)**
हजारीबाग नगर निगम आम चुनाव 2026 के बाद नवनिर्वाचित महापौर अरविंद कुमार राणा सहित सभी वार्ड के पार्षदों का शपथग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुई। सभी जनप्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर शहर के विकास और जनसेवा के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया। शपथग्रहण के बाद महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि हजारीबाग के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, बेहतर सड़क, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उनहों ने यह कहा की सामूहिक प्रयास से होगा शहर का विकास , उन्होंने सभी वार्ड पार्षदों से मिलकर शहर के विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की अपील की। वहीं पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्ड में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य लोग कार्यक्रम के बाद नवनिर्वाचित महापौर व पार्षदों को बधाई देते हुए शहर के उज्ज्वल भविष्य की कर खुसी जाहिर किए।

### स्वास्थ उपकेंद्रों में शीघ्र चिकित्सकीय टीम बहाल करने की माँग, धनबाद बाघमारा विधायक ने सदन में उठाये सवाल



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ**
**रिपोर्टर पप्पु गुप्ता**
बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान स्वास्थ व्यवस्था पर सवाल उठाए। विधायक ने स्वास्थ उपकेंद्रों का मामला उठाते हुए कहा कि 15वीं वित्त आयोग के स्वास्थ मद से प्रत्येक पंचायत में स्वास्थ उपकेंद्रों का निर्माण कराया जा रहा हैं। बहुत सारे स्वास्थ केन्द्रों का उद्घाटन भी किया जा चुका हैं। लेकिन किसी भी स्वास्थ उपकेंद्र में चिकित्सक, नर्स, मेडिकल स्टाफ और दवाईयों की उचित व्यवस्था नही है। जिससे स्वास्थ सेवाएँ बंद पड़ी हैं और आम जनता को स्वास्थ सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। विधायक ने उद्घाटन हो चुके स्वास्थ उपकेंद्रों में चिकित्सक, नर्स , मेडिकल स्टाफ व दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतू सरकार से माँग की है। सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करने की बात कही हैं।

### धनबाद के कतरास थाना मै नए थाना प्रभारी के रूप मै प्रवीण कुमार ने शुक्रवार के ओ पदभार ग्रहण कर लिया



**ब्योरो चीफ**
**रिपोर्टर पप्पु गुप्ता**
**धनबाद कतरास** धनबाद जिले के कतरास थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। योगदान देते ही उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया और पुलिस पदाधिकारियों व जवानों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की जानकारी ली। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

### रांची में आयोजित क्षत्रिय गौरव एकता समागम में जाने को लेकर लोरम तपा में बैठक संपन्न

**निशांत तिवारी**
**प्रभारी झारखंड**
**इटखोरी( चतरा)** : प्रखंड क्षेत्र के लोरम गांव स्थित जगन्नाथ होटल में लोरम तपा के तपेदार जितेंद्र सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम प्रसाद सिंह और बीरेंद्र सिंह उपस्थित हुए। रांची में आयोजित क्षत्रिय गौरव एकता समागम में जाने को लेकर चर्चा किया गया। तपेदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि समागम में इस तपा से अधिक से अधिक लोग जाएंगे। इसके लिए घर घर जाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है। बुंदेल समाज चय परगना से 500 वाहनों के साथ समागम में पहुंचेंगे। इस मौके पर देव कुमार सिंह,लक्ष्मी सिंह,निरंजन सिंह, ,गोपाल सिंह, भोला सिंह, शैलेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित होंगे।

# 167 करोड़ का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बना 'शोपीस', धनबाद के झरिया विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा में उठाया बड़ा सवाल

लोकतंत्र की आवाज़



**ब्योरो चीफ**
**रिपोर्टर पप्पु गुप्ता**
**धनबाद :** धनबाद और पूरे कोयलांचल की लाखों आबादी के लिए उम्मीद की किरण बनकर बना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आज वर्षों से बंद पड़ा है। 167 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह अत्याधुनिक अस्पताल अब लोगों की नजर में महज एक 'शोपीस' बनकर रह गया है। इसी गंभीर मुद्दे को झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। विधायक रागिनी सिंह ने सदन में कहा कि शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (रठटटउ़ळ), धनबाद परिसर में बना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल वर्ष 2016 में केंद्र सरकार की पहल पर तैयार किया गया था। इसका उद्देश्य धनबाद समेत पूरे कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को कैंसर, हृदय रोग और न्यूरो जैसी जटिल बीमारियों का आधुनिक इलाज उनके ही जिले में उपलब्ध कराना था। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में 200 बेड की सुविधा विकसित की गई है, जिसमें 160 जनरल बेड और 40 आईसीयू बेड शामिल हैं। साथ ही यहां आठ अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जांच सुविधाएं भी स्थापित की गई हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 87 करोड़ रुपये अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों पर तथा लगभग 80 करोड़ रुपये भवन निर्माण पर खर्च किए गए हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सारी तैयारियां लगभग पूरी होने के बावजूद यह अस्पताल अब तक चालू नहीं हो पाया है। विधायक ने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई यह सुविधा आज भी बंद पड़ी है, जबकि दूसरी ओर धनबाद और आसपास के जिलों के मरीज गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रांची, कोलकाता या अन्य बड़े शहरों की ओर भागने को मजबूर हैं।

रागिनी सिंह ने कहा कि इस स्थिति का सबसे ज्यादा खामियाजा गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को भुगतना पड़ता है। इलाज के लिए बाहर जाने में हजारों-लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं और कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीजों की जान तक चली जाती है। उन्होंने सरकार से सीधा सवाल करते हुए कहा कि जब अस्पताल पूरी तरह तैयार है, मशीनें लग चुकी हैं और भवन खड़ा है, तो आखिर इसे चालू करने में इतनी देरी क्यों हो रही है ? उन्होंने आशंका जताई कि कहीं इसके पीछे निजी अस्पतालों की लॉबी या स्वास्थ्य माफियाओं का दबाव तो नहीं है, जिसकी वजह से जनता को मिलने वाली इतनी बड़ी सुविधा ठप पड़ी है। विधायक ने सरकार से मांग की कि रठटटउ़ळ परिसर में बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को अविलंब चालू करने की स्पष्ट समय-सीमा घोषित की जाए। साथ ही कैंसर, कार्डियक और न्यूरो सहित सभी सुपर स्पेशलिटी सेवाएं जल्द शुरू की जाएं और अस्पताल के संचालन में हुई देरी की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। रागिनी सिंह ने कहा कि धनबाद जैसे बड़े औद्योगिक और घनी आबादी वाले जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की इस तरह की उपेक्षा बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। कोयलांचल की जनता वर्षों से इस अस्पताल के खुलने का इंतजार कर रही है और अब सरकार को इस इंतजार को खत्म करते हुए ठोस कदम उठाने होंगे।

# धनबाद लोयाबाद में साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई



लोकतंत्र की आवाज़

**ब्योरो चीफ**
**रिपोर्टर पप्पु गुप्ता**
**धनबाद कतरास** लोयाबाद में गुरुवार को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। इस दौरान साईं भक्त ''मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे, शिर्डी वाले तू हमेशा मेरे साथ रहे'' और जय साईं राम के जयघोष के साथ बैंड-बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। भक्तों द्वारा यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा भी की जा रही थी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक यात्रा में नगर निगम वार्ड 07 के लोकप्रिय पार्षद अरुन कुमार चौहान भी शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ चलकर साईं बाबा का आशीर्वाद लिया। लोयाबाद क्षेत्र के कनकनी 3 नंबर मुखर्जी कॉलोनी स्थित बाबा के मंदिर से श्री श्री साईं समिति के तत्वावधान में पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा शुरू होने से पहले मंदिर में स्थापित साईं बाबा की मूर्ति का दूध से जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वज लेकर पूरे भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुए। पालकी यात्रा सेंद्रा, लोयाबाद दुर्गा मंदिर, मदनाडीह, सेन्द्रा और लोयाबाद होते हुए विभिन्न क्षेत्रों का नगर भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुंची। इस दौरान न्यू दीपिका स्वीट्स में सोनू गुप्ता द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच फ्रूटी और पानी का वितरण किया गया। मौके पर अनूप कुमार गुप्ता, संदीप राजभर, कृष्ण भुइयां, अरुण विश्वकर्मा, विजय मोदी, राजेश गुप्ता, शंकर गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु यात्रा में शामिल रहे।

## जिप सदस्या ने डीसी को आवेदन देकर की ट्रांसपोर्टरों पर कार्रवाई की मांग

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी**
**प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)** एनटीपीसी उत्पादित फ्लाई ऐश (राख) की ढुलाई टंडवा -सिमरिया मुख्य सड़क से किये जाने के दरम्यान अनियमितता बरती जा रही है। उड़ने वाले सूखे राख के प्रदूषण से आमलोगों में भारी आक्रोश है, वे त्राहिमाम कर रहे हैं। जिप सदस्या देवन्ती देवी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर संबंधित ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में विभागीय जांच व कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति किये जाने का बेहद हीं गंभीर आरोप भी लगाया है। विदित हो कि घनी आबादी क्षेत्रों से राख परिवहन के कारण इन दिनों हो रहे प्रदूषण से आमलोग बेहद परेशान हैं। उड़सु बिंगलात, सेरनदाग, किसनपुर, मिस्त्रोल, धनगड्डा के आस-पास सडक किनारे बड़े पैमाने पर हायवा से राख को डंप किया जा रहा है। पत्र में भारी प्रदूषण फैलाने के लिये रिटको, गुप्ता एसोसिएट, बीकेबी समेत अन्य ट्रांसपोर्टरों को जिम्मेदार माना गया है जो अधिकांशतः मानकों को ताक पर रख कर परिवहन करते हैं। स्मरण हो कि झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक को पूछे गए सवाल के जबाब 10 मार्च को देते हुवे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पत्रांक 34(22) दिनांक 5 मार्च 26 का उल्लेख किया गया है जिसमें आमजनों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों का स्पष्ट उल्लेख है। कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति होने से आमलोगों में कानून और व्यवस्था के प्रति भी गहरी निराशा दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का मानना है कि ट्रांसपोर्टर और सफेदपोश बिचौलियों का गठजोड़ अवैध उपार्जित धनबल का दुरुपयोग जांच व कार्रवाई में करके प्रभावित और बचते रहे हैं।

# दारू थाना क्षेत्र के मर्करी खुर्द गांव के पास तीन ब्राउन शुगर तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)**
दारू थाना क्षेत्र के मर्करी खुर्द के गांव के पास तीन अपराधियों को ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार बताया जाता है कि गुप्त सूचना के अनुसार बलबल धाम मैनपुरी खुर्द के पास नशेड़ियों द्वारा जमावड़ा लगाकर अवैध नशीला पदार्थ का सेवन व खरीद बिक्री करने की योजना बनाया जा रहा था जिसे विष्णुगढ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व मे एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें उपाधीक्षक बैजनाथ प्रसाद, प्रशांत कुमार पुलिस उपाधीक्षक परीक्षमान हजारीबाग , दारु थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन ,मिथु मुर्मू , बालेश्वर यादव , विजय कुमार , शकील अंसारी शामिल थे और छापामारी टीम ने कार्रवाई करते हुए मर्करी खुर्द से अपराधियों को दौडाकर गिरफ्तार की, हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है की पुलिस को देखकर वह लोग भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के द्वारा 3 अपराधियों को पकड़ा गया । जिसमे चंदन कुमार मेहता उर्फ जोधन मेहता पिता मुंशी प्रसाद मेहता ग्राम घाघरा थाना दारू शान कुमार राज उर्फ चीकू पिता मनोज प्रसाद मेहता साकिब जमवारी थाना इचाक मनोज कुमार पिता नागेश्वर प्रसाद मेहता ग्राम गुर्जर गानों थाना क्षेत्र आंगों के रहने वाला है इन तीनों के पास से 3,43 ग्राम ब्राउन शुगर एवं वजन करने वाला मशीन 2 और अन्य कई सामग्री मौजूद पाया गया जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया अपराधियों को पड़कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भेजा गया।

# चतरा : सिर्फ कागजो मे बहा हर घर नल जल योजना का पानी, योजना चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी**
**प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड):-** चतरा जिला में सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना अब एक बड़े घोटाले के रूप में सामने आ रही है। जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए मिनी जलमीनार (वाटर टावर) में से लगभग 90 प्रतिशत आज भी बंद पड़े हैं या पूरी तरह खराब हो चुके हैं। कई जगहों पर केवल लोहे का ढांचा खड़ा कर, फर्जी फोटो और फर्जी वाउचर के माध्यम से संवेदकों द्वारा सरकारी राशि की अवैध निकासी कर ली गई है। कागजों में योजना पूरी दिखा दी गई, लेकिन धरातल पर



जनता को एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। कुछ जगहों पर जलमीनारो का उपयोग निजी कार्यो मे किया जा रहा है जलमीनार लगाने के लिए जमीन देने वाले इस पर मालिकाना हक़ जता रहे है जो पुरी तरह से अवैध है। यह साफ दर्शाता है कि इस योजना में संवेदकों और विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। बिना अधिकारियों की सहमति और निगरानी के इतने बड़े पैमाने पर सरकारी राशि की निकासी संभव नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं तो चतरा की जनता आज भी पानी के लिए क्यों तरस रही है ? क्या सरकार और संबंधित विभाग के पदाधिकारी इस घोटाले पर जानबूझकर चुप्पी साधे हुए हैं ? यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो यह घोटाला आने वाले समय में राज्य के सबसे बड़े पेयजल घोटालों में से एक साबित हो सकता है। विधायक प्रतिनिधि रौशन कुमार सिंह ने कहा है मै राज्य सरकार से मांग करता हूं कि: पूरे चतरा जिला में हर घर नल-जल योजना की उच्च स्तरीय विजिलेंस/एसीबी जांच कराई जाए।इस घोटाले में शामिल संवेदकों, अभियंताओं और जिम्मेदार पदाधिकारियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सभी बंद पड़े जलमीनारों को तत्काल चालू कराने की जवाबदेही तय की जाए। यदि इस गंभीर मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सरकार स्वयं इस घोटाले को दबाने का प्रयास कर रही है, जिसे चतरा की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। बहुत जल्द इस घोटाले के विरुद्ध चतरा जिला में आंदोलन किया जाएगा।

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई: चंदवारा थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर पवन कुमार 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)**
झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाते हुए हजारीबाग प्रमंडलीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को कोडरमा जिले के चंदवारा थाना में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार राम को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी दरोगा एक मामले में मदद करने के एवज में 15 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। जानकारी के अनुसार, चंदवारा निवासी प्रेम चंद्र नायक ने हजारीबाग एसीबी से इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायतकर्ता का आरोप था कि सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार राम एक मामले को रफा-दफा करने या उसमें राहत देने के नाम पर उनसे एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे थे. काफी मिन्नतें करने के बाद सौदा तय हुआ, जिसके तहत पहली किस्त के रूप में 15 हजार रुपये देना तय हुआ था. प्रेम चंद्र नायक भ्रष्टाचार के आगे झुकना नहीं चाहते थे, इसलिए उन्होंने इसकी लिखित सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दे दी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया. जैसे ही प्रेम चंद्र नायक ने तय रणनीति के तहत चंदवारा थाना परिसर में सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार राम को रिश्वत के पैसे थमाए, पहले से घात लगाकर बैठी एसीबी की टीम ने उन्हें धर दबोचा. आरोपी के पास से रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली गई है. गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी दरोगा को अपने साथ हजारीबाग ले गई है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है और न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# गिरिडीह समाहरणालय परिसर में उपायुक्त द्वारा पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026 .03.13)** भारत में डाकघर का इतिहास बहुत पुराना है पुराने फिल्मों को पसंद करने वाले देखने वाले तथा कुछ ऐतिहासिक तथा देशभक्त पर बने फिल्मों में डाकघर ही नहीं बल्कि दकिया से आत्मकथा के व्यवहार लोगों के ग्रामीणों के बन जाया करते थे वैसे तो ऑनलाइन की सुविधा ने ढेर सारे कामों को लोग स्वयं ही निपटा लिया करते हैं लेकिन आधारभूत कार्य जिसमें डाकघर की आवश्यकता पड़ती है वर्तमान में डाकघर द्वारा सुविधाओं का विस्तार किया गया है। समाहरणालय परिसर में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने विधिवत फीता काटकर नए डाकघर का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी तथा डाक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस नई सुविधा के शुरू होने से समाहरणालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को डाक सेवाओं का लाभ एक ही परिसर में प्राप्त हो सकेगा। उद्घाटन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डाकघर केवल पत्रों के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं है, बल्कि यह लोगों को विभिन्न प्रकार की वित्तीय और सरकारी सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। आज के डिजिटल युग में भी डाक विभाग अपनी विश्वसनीयता और सेवाओं के कारण आम जनता के बीच एक मजबूत स्थान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि समाहरणालय परिसर में पोस्ट ऑफिस खुलने से सरकारी कार्यों में भी सुविधा होगी तथा कर्मचारियों को अपने जरूरी डाक संबंधी कार्यों के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उपायुक्त ने बताया कि पोस्ट ऑफिस के माध्यम से स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, मनी ऑर्डर, बचत खाता, डाक



जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना सहित कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इससे न केवल कर्मचारियों को लाभ मिलेगा, बल्कि समाहरणालय आने वाले आम लोगों को भी एक ही स्थान पर कई सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने डाक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस पोस्ट ऑफिस के माध्यम से लोगों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारियों ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि डाक विभाग लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए नए-नए पोस्ट ऑफिस खोले जा रहे हैं। समाहरणालय में पोस्ट ऑफिस की स्थापना से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और लोगों को भी डाक सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने पोस्ट ऑफिस के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और कर्मचारियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर और पारदर्शी सेवाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए पोस्ट ऑफिस में आने वाले हर व्यक्ति को सम्मानजनक व्यवहार और बेहतर सेवा मिलनी चाहिए। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस पोस्ट ऑफिस के शुरू होने से समाहरणालय परिसर में काम करने वाले कर्मचारियों को डाक, बैंकिंग और बीमा से जुड़ी कई सुविधाएं तुरंत मिल सकेंगी। इसके अलावा विभिन्न सरकारी पत्राचार, दस्तावेजों की रजिस्ट्री तथा अन्य जरूरी कार्य भी अब यहीं से आसानी से संपन्न किए जा सकेंगे। इस मौके पर समाहरणालय के कई पदाधिकारी, डाक विभाग के अधिकारी-कर्मी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# विष्णुगढ के रमुआ में रामनवमी समिति का गठन, अध्यक्ष बने सनी राहुल बने सचिव

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)**
विष्णुगढ़ प्रखंड में रामनवमी को लेकर रामभक्त इन दिनों तैयारी में जुटे हैं ।रामनवमी झांकी सफल बनाने को लेकर सभी अखाड़ों ने तैयारी शुरू कर दी है ।प्रखंड के रमुआ स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामनवमी को लेकर बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता ओम प्रकाश बर्मन ने किया ।रामनवमी मनाने को लेकर कमेटी का पुनर्गठन किया गया ।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सनी लहकार, उपाध्यक्ष अजीत नायक,सचिव राहुल कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष शशि लहकार,मीडिया प्रभारी चैतन्य कुमार भारती,संरक्षक विनोद सिंह,संजय कुमार(बबलू),गुरु प्रसाद साव,विनोद कुमार सिंह,शंभू लाल यादव,अनुभव भारती,दिनेश्वर साव(छोटी),शैलेन्द्र सिंह (शैलू),अनुज रवानी,अरुण कुमार सिन्हा,कारू प्रजापति(बड़ा),अजय साव,जयराम साव,दीपक कुमार(दीपू), ओम प्रकाश बर्मन,बसंत नारायण सिंह कार्यकारणी सदस्य में मोनू सिन्हा,अशोक साव,नीरज कुमार,अविनाश कुमार,शानू कुमार सिंह,रितिक कुमार,राहुल नायक,रूपलाल महतो,आलोक कुमार,देव वर्मा,राहुल साव,संजय कुमार,संदीप साहनी,राजकुमार,राहुल ठाकुर,सकलदेव सिन्हा,सौरव रजक,दीपक कुमार(मदन),राहुल साव,शुभम कुमार इत्यादि को मनोनीत किया गया ।बैठक में संतोष कुमार,मुकेश कुमार,प्रमोद कुमार,जितेंद्र कुमार,आदित्य नायक,साहिल कुमार,सौरव कुमार लहकार भगवान विश्वकर्मा,साहिल ठाकुर,आशीष लहकार समेत कई रामभक्त मौजूद थे ।मौके पर अध्यक्ष सनी लहकार ने नशामुक्त रामनवमी व सचिव राहुल कुमार गुप्ता ने शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में कुर्मी चेतना के महानायक सतीश कुमार का भाव भीनी श्रद्धांजलि



लोकतंत्र की आवाज

भभुआ कैमूर। भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के कार्यालय में शोक सभा का आयोजन संस्था के कार्यालय में किया गया जिसमे कुर्मी चेतना रैली के महानायक और पूर्व विधायक स्वर्गीय सतीश कुमार के दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान, प्रेम और शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। इसी बीच भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष श्री जय प्रकाश नारायण सिंह ने बताया की 12 फ़रवरी 1994 में पटना के गाँधी मैदान में कुर्मी चेतना महारैली का आयोजन कुर्मी महानायक स्वर्गीय सतीश कुमार द्वारा सफल आयोजन किया गया था। जिसमे भारत के कई राज्यों से कुर्मी समाज के लोग आये थे। इस रैली से अपने समाज की एक नयी पहचान बनी थी। स्वर्गीय सतीश कुमार मूल रूप से शेखपुरा जिला के बरबीघा प्रखंड के सर्वा ग्राम के निवासी थे ।उनका जन्म 1948 में हुआ था, वे सामाजिक और राजनैतिक रूप से सक्रिय नेताओ में गिने जाते रहे है। अंत में दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिये प्रार्थना किया गया। जिसमे जय प्रकाश नारायण सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, राकेश कुमार सिंह, मुरारी प्रसाद चौधरी, राजा जय कृष्णा चंद, काशी नाथ सिंह, दिलीप कुमार सिंह, संतोष कुमार, हरित कुमार (अधिवक्ता), मनोज सिंह, शैलन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, विवेक पटेल, नीरज पटेल आदि उपस्थित रहे।

### सावधान! गैस सिलेंडर दिलाने के नाम पर साइबर ठग सक्रिय, कैमूर पुलिस ने जारी की चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज

कैमूर। साइबर अपराधी अब लोगों को ठगने के लिए नए–नए हथकंडे अपना रहे हैं। ताजा मामला घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता से जुड़ा है। कैमूर पुलिस को ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि कुछ साइबर ठग आम लोगों को फोन कर गैस कनेक्शन दिलाने या एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने का झांसा देकर विभिन्न बैंक खातों में पैसा जमा करवा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने जारी किया अलर्ट : कैमूर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति (दिनांक 13 .03 .26) के अनुसार, जिले में इस तरह की धोखाधड़ी की खबरें सामने आ रही हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गैस एजेंसियों के पास घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए किसी भी प्रकार की किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न दें।

झांसे में न आएं, तुरंत करें शिकायत : पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में न आएं। यदि कोई फोन पर गैस सिलेंडर के बदले पैसे की मांग करता है, तो उसे पैसे कतई न दें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। कैमूर पुलिस ने बताया कि ऐसे ठगों के विरुद्ध जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रखंड प्रमुख की मां की तेरही श्राद्ध में पहुंचे गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया नमन



लोकतंत्र की आवाज

दुर्गावती। प्रखंड प्रमुख दुर्गावती श्याम कुमार शाह की मां की तेरही श्राद्ध शुक्रवार को दुर्गावती बाजार में किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, बसपा विधायक सतीश यादव उर्फ पिंटू , भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय सहित कई गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उनकी मां को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। बताते चलें कि प्रखंड प्रमुख दुर्गावती श्याम कुमार शाह की मां लीलावती कुंवर का 1 मार्च को बीमारी की वजह से निधन हो गया। इसके बाद शुक्रवार को उनकी तेरही श्राद्ध दुर्गावती बाजार में किया गया। जिसमें कई गणमान्य लोगों सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर उनकी मां को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख श्याम कुमार शाह के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

# गैस सिलेंडर के लिए लोगों की 300 मीटर लंबी लगी लाइन

■ कालाबाजारी रोकने के लिए अनुमंडल कार्यालय में 9142852757 जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर, सूचना देने पर होगी विधि सम्मत कार्रवाई



लोकतंत्र की आवाज

**मोहनिया।** रमजान का महीना ऊपर से गैस की कीलत ने लोगों का सर दर्द बढ़ा दिया है। लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए चिलचिलाती धूप में नंबर लगा रहे हैं, तो कई लोगों की शिकायत है कि उनकी ओटीपी नहीं आ रही है। कुछ लोगों का ओटीपी आ भी रहा है तो अगले महीने अप्रैल महीने में दिखाई दे रहा है।

अब लोग पूछ रहे हैं कि आखिर मेरे मार्च महीने का गैस क्या हुआ। इसको लेकर एजेंसी का चक्कर लोग काट रहे हैं और जिनका गैस का ओटीपी आया हुआ है वह धूप में लाइन लगा कर अपने गैस को लेने के लिए चिलचिलाती धूप में इंतजार कर रहे हैं। जहां पुलिस और प्रशासन के उपस्थिति में गैस को बांटा जा रहा है। प्रशासन ने सभी लोगों को अस्वस्थ किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है आप पैनिक ना हो सामान्य रूप से गैस की आपूर्ति की जाएगी।

मोहनिया थाना क्षेत्र के बरकत नगर के मोहम्मद इरशाद ने बताया कि मेरा गैस सेवरी के समय खत्म हो गया और नंबर लगाने पर ओटीपी अप्रैल महीने का आ रहा है, तो मेरा मार्च महीने का गैस कहां गया ।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मोहनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गैस की कोई किल्लत नहीं है लोगों को पैनिक होने का जरूरत नहीं है ।जिन लोगों का ओटीपी आया है उन सभी लोगों को गैस मिल रहा है। सभी एजेंसियों पर गैस मिलना शुरू हो गया है। कुछ लोगों के ओटीपी को लेकर टेक्निकल समस्या आई है जिसकी टीम काम कर रही है कोई समस्या नहीं रहेगी। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए मोहनिया अनुमंडल में जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर 9142852757, इस नंबर पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की सूचना देने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।



## माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को वंचित दलितों के हित में लागू करनें हेतु वंचित दलित मोर्चा नें सरकार से किया अपील



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर।** राष्ट्रीय वंचित दलित समाज अधिकार मोर्चा के महासचिव मोहन राम नें माननीय सुप्रीम कोर्ट के क्रीमिलेयर संबंधी फैसले का पुरजोर समर्थन करते हुए इसका स्वागत किया है। श्री मोहन राम नें कहा है कि दिनांक 11:02:2026 को दैनिक हिंदुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित, कोर्ट नें सरकार को स्पस्ट आदेश दिया है कि नौकरियों में आरक्षण के लाभों से अनुसूचित जातियों एवम जनजातियों को क्रिमीलेयर को बाहर रखनें की मानदंड को निर्धारित किया जाय।

श्री राम नें कहा है कि इस विषय पर इसके पूर्व माननीय सुप्रीम कोर्ट का कई निर्देश आये हैं लेकिन अभी तक इस पर सरकार द्वारा कोई उचित निर्णय नहीं लिया जासका , जिसके फलस्वरूप सदियों से वंचित दलितों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवम राजनीतिक हालात में आज तक कोई सुधार नहीं हुआ।परिणाम स्वरूप जब तक माननीय सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को सरकार लागू नहीं करती , तब तक वंचित दलित समाज को विकास की मुख्यधारा में लाया नहीं जा सकता। आज यही कारण है कि वंचित दलित समाज के विकास में काफी बाधा उत्पन्न हो रहा है। जिससे वंचित दलित समाज में काफी क्षोभ ब्याप्त है। श्री मोहन राम नें वंचित दलितों के हित में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को लागू करनें हेतु सरकार से अपील किया है, जिससे वंचित दलितों को न्याय मिल सके।

## बिना चालान के दो बालू लोड ट्रक जप्त कार्रवाई जारी




लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती।** थाना क्षेत्र के खजुरा और कुल्हड़िया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 से बिना चालान के दो बालू लोड ट्रक को जप्त किया गया है ।वही इस संबंध में खनन पदाधिकारी के द्वारा दुर्गावती थाने मे लिखित आवेदन दिया गया ।जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई मे जुट गई है ।इस संबंध मे थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया की शुक्रवार को खनन पदाधिकारी के नेतृत्व मे ओवरलोड के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे बिना चालान के दो ट्रको को जप्त कर उनके बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कैमूर: जन-संवाद कार्यक्रमों में उमड़ी भारी भीड़, समस्याओं का हुआ त्वरित निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर ।** समाहरणालय, कैमूर (जिला जनसम्पर्क कार्यालय) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और जनता की समस्याओं के समाधान हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज जिले के सभी कार्यालयों में 'जन-संवाद कार्यक्रमों' का भव्य आयोजन किया गया।

इस अभियान के तहत जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर पंचायतों तक जिला प्रशासन की सक्रियता देखी गई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण और आंकड़े निम्नलिखित हैं:

जिलाधिकारी का जनता दरबार: जिला पदाधिकारी महोदय के जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित 26 आवेदन प्राप्त हुए।इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निष्पादन के सख्त निर्देश दिए।

पंचायत स्तर पर व्यापक प्रभाव: इस अभियान का सबसे बड़ा असर पंचायत स्तर पर दिखा, जहाँ 137 अधिकारियों ने कुल 316 नागरिकों से सीधा संपर्क कर उनकी समस्याओं को सुना।

प्रखंड एवं थाना स्तर: जिले के कुल 11 प्रखण्डों में 76 अधिकारियों की उपस्थिति में 181 नागरिकों ने अपनी बात रखी। वहीं, थानों में आयोजित संवाद के दौरान 16 अधिकारियों ने 79 नागरिकों से वार्ता की।

जिला मुख्यालय की सक्रियता: ऑनलाइन पोर्टल की प्रविष्टि के अनुसार, जिला मुख्यालय स्तर पर आज कुल 35 अधिकारियों ने 149 नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया।

**प्रशासन का उद्देश्य:** जिला नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य सरकारी तंत्र को सीधे जनता के द्वार तक ले जाना है। इन मुलाकातों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर न केवल लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी, बल्कि विकास योजनाओं का सीधा लाभ अंतिम पायदान पर खड़े पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाना सुनिश्चित

## वी मार्ट के पास 6 घंटे लाइन में खड़े रहे उपभोक्ता, गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर मायूस लौटे घर

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** भभुआ शहर में रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।शुक्रवार को भभुआ के भी मार्ट के पास गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग गई, लेकिन करीब छह घंटे इंतजार करने के बाद भी कई लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल सका। इससे नाराज उपभोक्ता निराश होकर घर लौट गए।

शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं ने बताया कि वे भोर में ही गैस लेने के लिए पहुंच गए थे। भभुआ थाना क्षेत्र के कुकुराढ़ गांव निवासी पुरुषोत्तम कुमार चौरसिया ने बताया कि वह सुबह 4 बजे से ही लाइन में खड़े थे, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिला। वहीं भभुआ निवासी डॉ. कृष्णा सिंह ने बताया कि गैस गोदाम पर जाने पर एजेंसी संचालक ने उन्हें भी मार्ट मॉल के पास इंतजार करने के लिए कहा था।बताया गया था कि वेंडर गैस सिलेंडर लेकर वहीं आएगा और वितरण करेगा। लेकिन कई घंटे तक लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस नहीं पहुंची। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसी संचालक द्वारा उन्हें गुमराह किया गया, जिसके कारण उन्हें घंटों तक परेशानी झेलनी पड़ी। काफी देर इंतजार करने के बाद कई लोग खाली हाथ घर लौट गए। इधर नागा बाबा गैस एजेंसी के संचालक प्रतीक कुमार ने बताया कि वेंडरों के माध्यम से हर वार्ड और मोहल्ले में गैस सिलेंडर भेजा जा रहा है तथा उपभोक्ताओं को उनके कार्ड पर गैस दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर वेंडरों के पहुंचने में देरी हो रही है, जिसके कारण वितरण में देर लग रही है।

## सरसों के खेत में शौच करने गए युवक से मारपीट

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** जिले के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर गांव में सरसों की फसल के खेत में शौच करने गए एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान युवक को बचाने गई उसकी भाभी को भी आरोपितों ने पीटकर घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज भभुआ सदर अस्पताल में कराया गया।

घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि घायल युवक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी मुराहु बिंद के 19 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला मुन्ना कुमार की पत्नी दुलर देवी बताई जाती हैं, जो मुकेश की भाभी हैं।

■ मारपीट के दौरान छुड़ाने गई भाभी भी घायल, मामला शाहपुर गांव का

घायल मुकेश कुमार ने बताया कि वह गांव के पास सरसों की फसल लगे खेत में शौच करने गया था।इसी दौरान गांव के ही नागेंद्र प्रसाद समेत करीब पांच लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि उक्त लोगों ने लाठी-डंडे से मुकेश की पिटाई कर दी। शोर सुनकर मुकेश को बचाने उसकी भाभी दुलर देवी मौके पर पहुंचीं, लेकिन आरोपितों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद परिजन दोनों घायलों को इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि मामले को लेकर भगवानपुर थाना में आवेदन दिया जाएगा।

## भभुआ थाना क्षेत्र के सिलड़ी गांव में जमीनी विवाद में मारपीट, पति-पत्नी घायल

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** भभुआ थाना क्षेत्र के सिलड़ी गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक पक्ष से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, घायल दंपती की पहचान सिलड़ी गांव निवासी इंद्र भूषण पांडेय और उनकी 48 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है।शुक्रवार को करीब 12:30 बजे दोनों को परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।

घायलों ने बताया कि उनके भाई के साथ लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर शुक्रवार को गांव में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और अशोक पांडेय, अरुण पांडेय समेत अन्य लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया।इस हमले में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसके बाद परिजनों की मदद से घायलों को भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। इस मामले को लेकर घायल इंद्र भूषण पांडेय ने भभुआ थाना में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भभुआ जमा मस्जिद में रमजान के चौथे जुम्मे की नमाज में उमड़ा जनसैलाब

लोकतंत्र की आवाज



■ रमजान की अंतिम जुम्मे पर अकीदमंदों ने मांगी दुआएं

**कैमूर।** रमजान के पवित्र महीने का चौथा जुम्मा बेहद खास होता है, और इसे पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भभुआ जमा मस्जिद में शुक्रवार को हजारों रोजेदारों ने विशेष जुम्मा नमाज अदा की। मस्जिद में जुटी भीड़ और माहौल में गूंजती इबादत की आवाजें रमजान की पवित्रता को दर्शा रही थीं। भभुआ ईदगाह मस्जिद में इमाम मौलाना मोहसिन रजा ने जुम्मा की नमाज अदा कराई।

इस मौके पर नमाज अदा कर रहे असलम अंसारी ने बताया कि रमजान के अंतिम जुम्मे का विशेष महत्व होता है। इस दिन मस्जिदों में इमाम द्वारा खुतबा दिया जाता है, जिसमें लोगों को रोजे और इबादत की अहमियत बताई जाती है। नमाज के बाद लोग अल्लाह से दुआएं मांगते हैं और अपनी गलतियों की माफी चाहते हैं। रमजान में मुस्लिम समुदाय विशेष धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेता है, जिनमें कुरान की तिलावत, तरावीह की नमाज और दुआओं का सिलसिला चलता रहता है।

अंतरिम जुम्मे के दिन लोग खास तौर पर गरीबों और जरूरतमंदों को दान और सदका देते हैं, जिससे समाज में भाईचारे और मदद की भावना बनी रहती है। भभुआ जमा मस्जिद में शुक्रवार की दोपहर से ही नमाजियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे नमाज का वक्त करीब आया, मस्जिद के अंदर और बाहर लोगों की लंबी कतारें लग गईं। मस्जिद की प्रबंध समिति ने नमाजियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा।

सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, ताकि नमाज अदा करने में किसी तरह की परेशानी न हो। मुस्लिम समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर इस खास दिन को संजीदगी से मनाया। रमजान आत्मसंयम, इबादत और परोपकार का महीना होता है, जिसमें लोग अपने अंदर सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। भभुआ में चौथे जुम्मे के मौके पर भी यही भावना देखने को मिली। रमजान का यह पवित्र महीना आगे भी इसी भक्ति और श्रद्धा के साथ चलता रहेगा। मस्जिदों में इबादतों का सिलसिला जारी रहेगा, और लोग अल्लाह की रहमत की कामना करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन माधौगढ़ में आयोजित किया गया



लोकतंत्र की आवाज

माधौगढ़ जालौन। आज माधौगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन माधौगढ़ के महक गेस्ट हाऊस में आयोजित किया गया पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान मण्डल माधौगढ़ मे प्रथम सत्र मे कार्य कर्ताओं ने भाग लिया और प्रशिक्षण में वक्ताओं ने भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई वही माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने चार वर्ष पूरे होने पर विकास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मूलचन्द्र निरंजन माधौगढ़ विधायक ने प्रदेश सरकार, व केन्द्र सरकार की जानकारी दी इस मौके पर भास्कर अवस्थी मण्डल प्रभारी, आशीष मिश्रा, ज़िला महामन्त्री विवेक कुशवाहा, ज़िला मन्त्री अमित निरंजन, ज़िला मंत्री छोटे भाई ज्योतिष सिंह कुरौती, मण्डल अध्यक्ष कमलापत कुशवाहा, नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेन्द्र व्यास, ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे, एवं समस्त मण्डल पदाधिकारी गण शक्ति केन्द्र संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे ।

### जिला कारागार उरई निरुद्ध दोषसिद्ध बंदी मनोज कुमार सैनी उर्फ मोनू माली पुत्र स्व बाबूलाल की मृत्यु मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हुई / नगर मजिस्ट्रेट

लोकतंत्र की आवाज

उरई । नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला कारागार उरई में निरूद्ध दोषसिद्ध बन्दी मनोज कुमार सैनी उर्फ मोनू माली पुत्र स्व0 बाबूलाल सैनी की दिनांक 14.02.2026 को मेडिकल कालेज उरई में उपचार के दौरान हुयी मृत्यु हो गयी थी। जिला मजिस्ट्रेट महोदय के आदेश संख्या 1485/18-जे0ए0 (मजि0 जॉच) के द्वारा उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु नगर मजिस्ट्रेट उरई जनपद जालौन को नामित किया गया है। जिसके अनुपालन में इस प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जॉच अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्पादित की जा रही है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई साक्ष्य / बयान देना हो अथवा किसी तथ्य पर प्रकाश डालना हो तो वह दिनांक 20.03.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में समय प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट उरई में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

# मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 'NCACE' राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी कालेज आफ इंजीनियरिंग के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन "NCACE – National Conference on Advances in Civil Engineering" का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध, तकनीकी नवाचार और आधुनिक निर्माण तकनीकों पर विचार-विमर्श के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

इस सम्मेलन के चेयरमैन डॉ निरज कुमार, अनिल कुमार तथा छोटी हैं, जिनके मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सौरभ जोरवाल जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण, विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ संजय श्रीवास्तव, सम्मेलन के चेयरपर्सन, तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सभी प्राध्यापकगणों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संबोधन कॉलेज के प्राचार्य डॉ नवनीत कुमार ने दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय सम्मेलन शोध, अध्ययन और व्यावहारिक अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन नए नवाचारों और शोध आधारित समाधानों के माध्यम से भविष्य में निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) संजय श्रीवास्तव, कुलपति, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी ने अपने संबोधन में कॉलेज प्रशासन और सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के

समय में जब देश में तेजी से आधारभूत संरचना का विकास हो रहा है, तब इस प्रकार के सम्मेलन नई तकनीकों, शोध और विचारों को साझा करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को निरंतर अध्ययन और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने भी



अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता, नवाचारपूर्ण सोच और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग विभाग और कॉलेज प्रशासन को इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में लगातार सीखना और नई तकनीकों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे देश के आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री उपस्थित रहे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन सिविल इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुति, तकनीकी चर्चा और नवाचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन के माध्यम से नई तकनीकों और आधुनिक निर्माण पद्धतियों पर विचार-विमर्श कर भविष्य के लिए उपयोगी समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा।

# बेतिया : जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं 77 शिकायतें, कई मामलों का मौके पर हुआ निपटारा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कुल 77 शिकायतों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी के निर्देश पर कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली।

इस दौरान रामपरी देवी, देवनारायण साह, प्रेमलता कुमारी, हीरालाल पासवान, सरस्वती प्रसाद, संजय कुमार, राहुल कुमार, कृष्णा साह, राजकुमार साह, अजय कुमार, जटाशंकर यादव, सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

यह जनसुनवाई कार्यक्रम सात निश्चय-3 के तहत चल रहे "सबका सम्मान–जीवन आसान" अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता अहमद अली, श्रीमती नगमा तबस्सुम तथा पीजीआरओ बेतिया मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अब घर बैठे मिलेगी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी, उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

लोकतंत्र की आवाज

**उरई ।** खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनपद में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को और अधिक सुव्यवस्थित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के सभी गैस एजेंसियों एवं वितरकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी समयबद्ध रूप से की जाए। निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित एल०पी०जी० कम्पनी



(आई०ओ०सी०/एच०पी०सी०/बी०पी०सी०) के बिक्री अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह अपने-अपने सम्बन्धित गैस एंजेसी/वितरकों से, उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिना किसी असुविधा के सिलेंडर उपलब्ध कराना होगा। गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं के घर तक होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी कार्यालय तक जाने की आवश्यकता न पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की गैस एजेंसियों एवं वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग

**■ खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देश पर जनपद में गैस एजेंसियों को व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश**

की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें तथा समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित कराएं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ता अपने निवास स्थान से ही ऑनलाइन बुकिंग कर निर्धारित समयावधि में होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल को भी सुचारु रूप से संचालित है, ताकि उपभोक्ताओं को सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध हो सके।

# जदयू जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर विवेकानंद गुप्ता का अपने गृह क्षेत्र में शानदार स्वागत

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती जदयू नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता का अपने गृह क्षेत्र पीरपैंती आने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत समारोह का आयोजन प्रियदर्शनी विवाह भवन मे किया गया। शेरमारी बाजार चौक पर ही कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहना कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे जिले सहित अपने गृह क्षेत्र का विकाश होगा। पार्टी ने जो जवाब देह दिया है उसका भली भांति



निर्वहन करूंगा। जदयू के वरिष्ठ नेता सुड्डू साईं ने कहा कि विवेकानंद गुप्ता एक कर्मठ, समर्पित और संगठन के प्रति प्रतिबद्ध नेता हैं।

जिला प्रवक्ता शैलेंद्र तोमर ने कहा उनके नेतृत्व में जदयू जिला में संगठन और अधिक मजबूत होगा। जिला जदयू जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर ने कहा कि इनके नेतृत्व संगठन की और मजबूती बढ़ेगी। इस अवसर पर महादेव मंडल, मंडल अध्यक्ष हरे राम शर्मा, गुड्डू साईं, मनोज शास्त्री, लोजपा आर के प्रखंड अध्यक्ष सौरभ कुमार साह, गोपाल मंडल, प्रदीप कुमार, ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रविशंकर सिंहा ने कहा कि विवेकानंद गुप्ता को जिला अध्यक्ष मनोनीत होने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। विवेकानंद गुप्ता के प्रखंड अध्यक्ष के समय के योगदानों का उल्लेख किया और आशा व्यक्त किया गया कि जिला सहित अपने प्रखंड पर भी ध्यान देंगे। इस अवसर पर अगहुन मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य विनोद यादव, गोरेलाल पासवान, मुन्ना चौधरी, बालेश्वर रजक, मधुसूदन कुमार, मनोज जायसवाल, विभूति यादव, फ़णिकांत, अमरेंद्र सिंहा राहुल राय, सनी शर्मा, नीरज ठाकुर, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि पार्टी को एकजुट कर नीतीश कुमार का सहयोग करें और बिहार का दिन प्रतिदिन विकास इसी प्रकार होता रहेगा।

# वर्ल्ड वॉर-3 की आहट! 48 घंटे में तीन NATO देशों पर ईरान का अटैक, फ्रांस बोला- जिम्मेदार लोगों को

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां से विश्व युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है. पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन NATO सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है. इन हमलों ने न केवल क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है, बल्कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है।

जानकारी के मुताबिक, इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित सैन्य ठिकानों और तुर्की के एक अहम एयरबेस को



मिसाइल और ड्रोन हमलों का निशाना बनाया गया. इन घटनाओं के बाद NATO देशों की चिंता बढ़ गई है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.

**इरबिल में फ्रांसीसी सैनिक की मौत:** सबसे गंभीर घटना इराक के इरबिल के पास हुई, जहां ईरान समर्थित मिलिशिया के ड्रोन हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत हो गई. फ्रांसीसी सेना के अनुसार, इरबिल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक प्रशिक्षण केंद्र में सैनिक कुर्द बलों को ISIS के खिलाफ लड़ाई का प्रशिक्षण दे रहे थे. इसी दौरान ड्रोन हमला हुआ। इस हमले में फ्रांसीसी सेना के अधिकारी अर्नो फ्रेयन की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह अन्य सैनिक घायल बताए जा रहे हैं. घटना के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे सैनिकों पर हमला अस्वीकार्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा।

**इटली के सैन्य ठिकाने पर भी हमला :** इसी दौरान इराक के इरबिल में ही एक अन्य सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया गया, जहां इटली के सैनिक तैनात हैं. मिसाइल हमले में बेस के आसपास विस्फोट हुआ, हालांकि शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है. सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यह हमला भी ईरान समर्थित गुटों द्वारा किया गया माना जा रहा है. इस हमले ने इराक में तैनात NATO देशों की सेनाओं के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।

**तुर्की के इन्किर्लिक एयर बेस पर मिसाइल :** तीसरा हमला तुर्की के प्रसिद्ध इन्किर्लिक एयर बेस पर किया गया. यह बेस NATO के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और यहां अमेरिकी व सहयोगी सेनाओं की मौजूदगी रहती है. रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल को NATO की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही रोक लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया.

# अलविदा जुम्मा के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/नवगछिया।** प्रखंड क्षेत्र के जमालपुर वार्ड नंबर 13 में अलविदा जुम्मा के अवसर पर पूर्व क्रिकेटर एवं समाजसेवी संसतबरेज उर्फ संटी की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर रोजा इफ्तार किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

आयोजक संसतबरेज उर्फ संटी ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। इस महीने में लोगों को जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में आपसी प्रेम व भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि अलविदा जुम्मा के मौके पर इफ्तार



का आयोजन कर लोगों के साथ इस खुशी को साझा करना उनका उद्देश्य है।

कार्यक्रम में शामिल लोगों ने रोजा इफ्तार करने के बाद देश और समाज में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रमजान की अहमियत पर चर्चा करते हुए कहा कि यह महीना इंसान को संयम, त्याग और दूसरों की मदद करने की सीख देता है।

इस अवसर पर इंटरनेशनल बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल कुमार, कांग्रेस नेता मोहम्मद फिरोज, पूर्व वार्ड प्रतिनिधि मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद राजली, मोहम्मद शहजाद उर्फ करकु, बालाजी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और एकता मजबूत होती है।

# आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की समस्याओं को लेकर विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद ने उठाई आवाज

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में राज्य में कार्यरत आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारीगण (AYUSH Community Health Officers) की समस्याओं और उनकी लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं दे रहे आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की तरह कार्य कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं।

विधानसभा में इस विषय को उठाते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से मांग की कि आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य



अधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उनकी लंबित मांगों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी विशेष रूप से ग्रामीण और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और आम लोगों तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लगातार समर्पण के साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि उनकी सेवा शर्तों, मानदेय, स्थायीकरण तथा अन्य सुविधाओं से संबंधित मांगों पर सकारात्मक निर्णय ले।

विधायक ने कहा कि यदि आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मांगों को समय रहते पूरा किया जाता है, तो इससे न केवल उनका मनोबल बढ़ेगा बल्कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी होगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक पहल करते हुए इनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# चीनी मिलों के कांटों में घटतौलि कराने वाले गन्ना समिति सचिव इंद्रमणि पांडे को बर्खास्त किया जाए-भगत सिंह वर्मा

लोकतंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**

**देवबंद।** सहारनपुर-आज यहां रविदास मार्ग कार्यालय पर एक बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड देवबंद क्षेत्र के चीनी मिलों में चीनी मिल मालिक 3% से 4% घटतौली खुलेआम कर रहे हैं। चीनी मिलों में घटतौलि के लिए सहकारी गन्ना समिति देवबंद के सचिव इंद्रमणि पांडे सीधे-सीधे जिम्मेदार है। इंद्रमणि पांडे गन्ना सचिव देवबंद चीनी मिल के प्रत्येक गन्ना कांटे से ₹6000 प्रति माह अवैध रूप से वसूली करके घट तौलि करा रहे हैं। गन्ना समिति सचिव इंद्रमणि



पांडे बताएं की ₹6000 वसूली में किन-किन लोगों का हिस्सा है। गन्ना समिति गन्ना किसानों के हित के लिए है। न की चीनी मिल के हित के लिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहकारी समिति लिमिटेड देवबंद के सचिव इंद्रमणि पांडे को गन्ना विभाग तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करके जेल भेजने का काम करें। और घटतौलि करने वाले चीनी मिल मालिकों के प्रबंध तंत्र और मिल मालिकों को भी जेल भेजा जाए। भगत सिंह वर्मा ने मुख्यमंत्री जी गन्ना मंत्री जी प्रमुख सचिव गन्ना और गन्ना आयुक्त को पत्र भेजकर सहकारी करना समिति लिमिटेड देवबंद के प्रभारी सचिव इंद्रमणि पांडे को बर्खास्त करके जेल भेजने और मिल मालिकों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। गन्ना समिति देवबंद के सचिव इंद्रमणि पांडे प्रतिमाह ₹6000 वसूली करने के चक्कर में प्रतिदिन देवबंद क्षेत्र के गन्ना किसानों को 12 लाख रुपए की घटतौलि कराकर नुकसान करा रहे हैं जिस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गन्ना किसानों की महानता है कि गन्ना किसान गन्ना कोल्हू में ₹470 कुंतल गन्ना न डालकर चीनी मिलों में मात्र 387 रुपए कुंतल में गन्ना डाल रहे हैं। फिर भी गन्ना किसानों से घटतोली करके उन्हें लूटा जा रहा है। गन्ना किसान 1 वर्ष तक मेहनत करके गन्ने का उत्पादन कर रहे हैं। उसके बाद चीनी मिलों में गन्ना डालने के बाद चीनी मिल मालिकों की मर्जी है कि गन्ना किसानों को 14 दिन के अंदर भुगतान दे या 14 महीने के अंदर। मेहनतकश कर्ज बंद गन्ना किसानों को सरकार गन्ना विभाग प्रशासन मिली भगत करके चीनी मिल मालिकों से लुटवा रहे हैं। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार प्रदेश के गन्ना किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य ₹700 कुंतल तो दूर गन्ने का लागत मूल्य 550 रुपए कुंतल भी नहीं दिला पा रही है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मुर्तजा सलमानी ने की और संचालन परदेश महामंत्री संदीप एडवोकेट ने किया। बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश सचिव रिशिपाल गुर्जर प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम जहीरपुर जिला मंत्री महबूब हसन जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट मोहम्मद कामिल मोहम्मद सद्दाम हाजी सुलेमान मोहम्मद इरफान आदि ने भाग लिया।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।